"दीनता उस मानसिक दुर्बलता को कहते हैं जो मनुष्य को दूसरे की दया पर जीने का प्रलोभन देती है।"
हजारीप्रसाद द्विवेदी

RNI. MPHIN/2016/68439

# दैनिक मेल पॉवर


पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-68 | भोपाल, मंगलवार 5 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

## संक्षिप्त खबरें



### जेएमएम संस्थापक शिबू सोरेन का निधन

**रांची एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निधन की जानकारी दी। मंगलवार सुबह 11 बजे उनका पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा लाया जाएगा और फिर रामगढ़ जिले में उनके पैतृक निवास नेमरा ले जाया जाएगा। वह गुर्दे की बीमारियों से पीड़ित थे और उन्हें डेढ़ महीने पहले दौरा भी पड़ा था। वह पिछले एक महीने से जीवन रक्षक प्रणाली पर थे।

### घर पर तिरंगा फहराएं सभी लोगः अमित शाह

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सभी नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस से पहले अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत एक निर्दिष्ट पोर्टल पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करने की अपील की। शाह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देश के लोगों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### छगः कोंडागांव में जवान ने की खुदकुशी

**कोंडागांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक जवान ने सोमवार को अपनी सर्विस रायफल से गोली चलाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने वाले जवान की पहचान प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल के रूप में हुई है। दिनेश सिंह बयानार सीएएफ कैंप में पदस्थ था। आज सुबह जवान के कमरे से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आस-पास मौजूद अन्य जवानों ने जब वहां पहुंचकर देखा तो दिनेश सिंह की मौत हो चुकी थी। मामले की जांच की जा रही है।

## बांके बिहारी कॉरिडोर मामले में सुप्रीम कोर्ट, भगवान कृष्ण पहले मध्यस्थ

● यूपी सरकार और मंदिर ट्रस्ट को वार्ता से मसला हल करने की सलाह



एजेंसी | नई दिल्ली

उत्तरप्रदेश के मथुरा में बांके बिहारी कॉरिडोर बनने के लिए मंदिर फंड से 500 करोड़ का इस्तेमाल करने के मसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। उत्तर प्रदेश सरकार श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश लाई है, इसके तहत मंदिर फंड से ही कॉरिडोर का निर्माण होना है। मंदिर प्रशासन की ओर से योगी सरकार के फैसले का विरोध किया गया है। इस पर शीर्ष अदालत ने सुनवाई कर यूपी सरकार और मंदिर ट्रस्ट को वार्ता से मसला हल करने की सलाह दी है। बेंच ने कहा, भगवान कृष्ण पहले मध्यस्थ थे।

कृपया इस मामले में वार्ता से मसले को हल करें। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले में यूपी सरकार के अध्यादेश की संवैधानिक वैधता की जांच उच्च न्यायालय को करना चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि आखिर अदालत को इतनी जल्दी क्यों थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची ने मौखिक रूप से 15 मई के उस आदेश को भी वापस लेने का प्रस्ताव दिया।

## पुलिस ने बंगाली भाषा को 'बांग्लादेशी' बताया, भड़की सीएम ममता बनर्जी

● कहा - यह निंदनीय, अपमानजनक, राष्ट्र-विरोधी और बंगाली भाषी लोगों का अपमान



एजेंसी | कोलकाता

बंगाली और बंग्लादेशी भाषा को लेकर राजनीति गरमा गई है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने दिल्ली पुलिस द्वारा लिखे गए पत्र पर आपत्ति जताई। उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा 3 अगस्त को लिखे गए पत्र को 'निंदनीय, अपमानजनक, राष्ट्रविरोधी और असंवैधानिक' बताया है। दिल्ली पुलिस द्वारा लिखे पत्र में बंगाली या बांग्ला भाषा को बांग्लादेशी भाषा कहा था। बंगाली कलाकारों, ममता बनर्जी के साथ-साथ उनकी कट्टर प्रतिद्वंद्वी पार्टी सीपीएम (सीपीएम) समेत अन्य दलों ने भी इसका विरोध किया, साथ ही उन्होंने एक्स पर पोस्ट में देशभर के लोगों से इसका विरोध करने की अपील भी की है।

बंगाली हमारी मातृभाषा है, रवींद्रनाथ टैगोर और स्वामी विवेकानंद की भाषा है, वह भाषा जिसमें हमारा राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत लिखे गए हैं, वह भाषा जिसे करोड़ों भारतीय बोलते और लिखते हैं और वह भाषा जो भारत के संविधान द्वारा पवित्र और मान्यता प्राप्त है, उसे अब बांग्लादेशी भाषा बताया जा रहा है।

## ओवल टेस्ट- भारत की रोमांचक जीत

### सीरीज 2-2 से ड्रॉः इंग्लैंड के आखिरी 4 विकेट एक घंटे में गिरे

● सिराज 9 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच



एजेंसी | द ओवल

भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक जीत दिलाई। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन इंग्लैंड को 35 रन बनाने थे और 4 विकेट बाकी थे। मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट लेकर जीत भारत की झोली में डाल दी। द ओवल में गुरुवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 224 और इंग्लैंड ने 247 रन बनाए। 23 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बना दिए। इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट मिला। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 300 रन बना दिए थे। तभी हैरी ब्रूक सेंचुरी लगाकर आउट हो गए।

यहां से भारत ने 354 तक इंग्लैंड के 8 विकेट गिरा दिए। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन सिराज ने आखिरी विकेट लेकर भारत को करीबी जीत दिला दी।

इंजर्ड क्रिस वोक्स भी लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। सीरीज का दूसरा और पांचवां टेस्ट भारत ने जीता, पहला और तीसरा टेस्ट इंग्लैंड के नाम रहा। वहीं चौथा टेस्ट ड्रॉ हुआ।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया गुना में वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

# अतिवृष्टि से हुए नुकसान की होगी भरपाई सरकार है आपके साथ : मुख्यमंत्री यादव

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवृष्टि/बाढ़ से जनता को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। कोई चिंता न करें, सरकार आपके साथ है। प्रत्येक प्रभावित परिवार का सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति की जाए। सरकार द्वारा 'डीबीटी प्रणाली' के माध्यम से सहायता राशि सीधे प्रभावितों के खातों में पहुंचाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को गुना में बाढ़/अति वर्षा प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। उन्होंने जिले के विभिन्न वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा भी की।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री ने कैंट क्षेत्र, पटेल नगर में घर-घर जाकर प्रभावित नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने न्यू टेकरी रोड स्थित पवन कॉलोनी पहुँचकर वर्षा से प्रभावित परिवारों से भेंट कर हालात जाने।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत दिनों हुई भारी वर्षा ने जिले में 32 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिससे अभूतपूर्व स्थिति निर्मित हुई। इस चुनौती का प्रशासन ने तत्परता एवं समन्वय के साथ सामना किया। गुना न्यू सिटी कॉलोनी की एक बुजुर्ग महिला सहित 170 नागरिकों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। विभिन्न जलाशयों में जलस्तर बढ़ने से राहत कार्यों की गति तेज की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि एनडीआरएफ की 70 सदस्यीय टीम द्वारा सघन बचाव कार्य किए गए। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं एवं प्रशासनिक अमले ने मिलकर भोजन पैकेट वितरण, अस्थायी आश्रय स्थल की स्थापना तथा आवश्यक सामग्री वितरण जैसे राहत कार्य किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी वर्षा संभावित है, इसलिए प्रशासन पूर्ण सतर्कता बरते। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी है कि वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहें।

यह हर्ष की बात है कि केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया निरंतर संपर्क में रहते हुए राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने डॉ. यादव प्रभावित नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन हर हाल में उनके साथ है, किसी भी प्रकार की कठिनाई में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने सभी बहनों का रक्षाबंधन के साथ स्वागत करने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बहनों ने राखी बांधकर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक पन्नालाल शाक्य, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द सिंह धाकड़, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह सलूजा, संभाग आयुक्त ग्वालियर मनोज खत्री, आईजी अरविन्द सक्सेना सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उज्जैन में सवारी में लोकनृत्यों की प्रस्तुति

## नंदी रथ पर श्री उमा-महेश स्वरूप में निकले महाकाल



नगर प्रतिनिधि | उज्जैन/खंडवा

आज श्रावण माह के चौथे सोमवार पर उज्जैन में भगवान महाकाल की सवारी निकाली गई। मंदिर के सभा मंडप में भगवान की पालकी का पूजन किया गया। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने पालकी में विराजित भगवान को सलामी दी। पालकी में श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमोलेश्वर स्वरूप में, गजराज पर श्री मनमहेश रूप, गरुड रथ पर श्री शिव तांडव प्रतिमा, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश जी स्वरूप में दर्शन देने निकले। सवारी के साथ घुड़सवार पुलिस दल, सशस्त्र पुलिस बल, होमगार्ड के जवान, भजन मंडली, झांझ मंडली के सदस्य व पुलिस बैंड भी शामिल हुए। सवारी रामघाट पहुंची। यहां पर भगवान महाकाल का पूजन किया गया। इसके बाद सवारी मंदिर लौटी। इससे पहले सोमवार तड़के ढाई बजे भस्म आरती के दौरान कपाट खोले गए। भगवान महाकाल को जल अर्पित कर भस्म रमाई गई। पंचामृत अभिषेक पूजन कर भगवान महाकाल का भांग चंदन और आभूषणों से राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया। दोपहर तक दो लाख से ज्यादा श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन कर चुके थे। इससे पहले श्रावण माह के पहले सोमवार पर 2.5 लाख, दूसरे पर 3 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे।

## सारा तेंदुलकर बनीं ऑस्ट्रेलिया के 13 करोड़ डॉलर के पर्यटन अभियान की ब्रांड एंबेसडर



एजेंसी | मुंबई

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए एक नए पर्यटन अभियान की घोषणा की है, जिसका नाम है कम एंड से जी-डे। इस 13 करोड़ डॉलर (करीब 1080 करोड़) के अभियान के लिए, महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा को भारत के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। यह अभियान, जो 7 अगस्त को चीन से शुरू होगा, पर्यटकों को ऑस्ट्रेलिया में छुट्टियां बिताने और अपने यात्रा की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। चीन के बाद, इस इस साल के अंत तक भारत, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे प्रमुख बाजारों में लांच किया जाएगा। कम एंड से जी-डे अभियान का यह दूसरा चरण है, जिसका पहला चरण अक्टूबर 2022 में शुरू किया गया था। यह अभियान अगले दो साल तक चलेगा, और इसके पूरा होने तक ऑस्ट्रेलियाई सरकार इसमें कुल 25 करोड़ (करीब 2080 करोड़) का निवेश कर चुकी होगी।

### ग्वालियर-छतरपुर समेत 8 जिलों में तेज पानी गिरेगा; यमुना पर उफान से मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ा

# एमपी के उत्तरी हिस्से में भारी बारिश का अलर्ट

नगर प्रतिनिधि | भोपाल

मध्यप्रदेश के उत्तरी हिस्से के ग्वालियर-छतरपुर समेत 8 जिलों में सोमवार को भारी बारिश का अलर्ट है। इन जिलों में रविवार को भी बारिश हुई। उधर, उत्तरप्रदेश की यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से एमपी के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी उफान पर रही। इस कारण 100 से ज्यादा दुकानों में पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी हिस्से के ऊपर से एक ट्रफ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी है। इसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। इस वजह से सोमवार को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में भारी बारिश का अलर्ट है। इन जिलों में अगले 24 घंटे में साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। पिछले सप्ताह प्रदेश में बाढ़ के हालात बने। खासकर पूर्वी हिस्से यानी- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में मानसून जमकर मेहरबान रहा। रायसेन में बेतवा ने विकराल रूप लिया। खेत-मंदिर और पुल डूब गए। दो दिन से बारिश थमी रही, लेकिन नर्मदा नदी उफान पर है। वहीं, डैम ओवरफ्लो है। इनके गेट खोले गए।



### एमपी में अब तक 28 इंच से ज्यादा बारिश

मध्यप्रदेश के ग्वालियर, राजगढ़, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मुरैना और श्योपुर में बारिश का कोटा पूरा हो गया है। यहां सामान्य से 50 प्रतिशत तक ज्यादा पानी गिर चुका है। गुना, टीकमगढ़-निवाड़ी में सबसे ज्यादा बारिश हुई है, जबकि इंदौर में सबसे कम पानी गिरा है। उज्जैन संभाग की तस्वीर भी ठीक नहीं है। वहीं, भोपाल और जबलपुर में सीजन की आधी बारिश हुई है। प्रदेश में 16 जून को मानसून ने आमद दी थी। तब से अब तक औसत 28.4 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि 19 इंच पानी गिरना था। इस हिसाब से 9.4 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। मानसून सीजन (1 जून) से जोड़े को दो महीने बीत चुके हैं। इस दौरान प्रदेश में सामान्य की 76 प्रतिशत बारिश हो गई है।

## ब्याज में कमी कर सकता है आरबीआई




**नई दिल्ली एजेंसी।** ज्यादातर बाजार विश्लेषकों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) इस सप्ताह तटस्थ नीतिगत रुख बरकरार रखते हुए फौरी उधार के लिए अपनी ब्याज दर (रेपो) को वर्तमान स्तर पर बनाये रख सकती है। इसके विपरीत कुछ को नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की 'अप्रत्याशित' कमी किये जाने की संभावना भी दिखती है। रेपो को अभी 5.5 प्रतिशत पर बनाए रखा जा सकता है।

### आतंकवाद | पहलगाम हमले के आतंकी पाकिस्तानी थे, लोकल नहीं

# दावा-सिक्योरिटी एजेंसियों ने छह सबूत पाकिस्तान के डेटाबेस से मैच किए, सेना बोली-हमने जानकारी नहीं दी

एजेंसी | नई दिल्ली

ऑपरेशन महादेव में 28 जुलाई को मारे गए तीन आतंकी लोकल नहीं, पाकिस्तानी थे। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी ने सबूतों के आधार पर न्यूज एजेंसी को दी है। अधिकारी ने बताया कि आतंकियों और एनकाउंटर साइट से मिले 6 सबूत से स्पष्ट हुआ है कि वे पाकिस्तान से थे। एनकाउंटर साइट से सुरक्षाबलों को आतंकियों के पास से पाकिस्तानी वोटर आईडी समेत अन्य सबूत मिले थे। सुरक्षा एजेंसी ने इन सबूतों को पाकिस्तान के नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी से मैच किया। आतंकियों के वोटर आईडी, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी डिटेल्स से मैच हुए। इनमें सैटेलाइट फोन और जीपीएस डेटा भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा- ये सबूत आतंकवादियों की पाकिस्तानी नागरिकता साबित करते हैं। हालांकि, रक्षा मंत्रालय के इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने कहा- सोशल मीडिया पर पहलगाम हमलावरों की पहचान और बैकग्राउंड को लेकर एक रिपोर्ट फैलाई जा रही है।



### ऑपरेशन महादेव- पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड समेत 3 आतंकी मारे

जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के दाचीगाम नेशनल पार्क के पास हरवान इलाके में 28 जुलाई को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए थे। सेना ने यह कार्रवाई ऑपरेशन महादेव के तहत की थी। बाकी दो आतंकियों की पहचान जिबरान और हमजा अफगानी के रूप में हुई थी। जिबरान 2024 के सोनमर्ग सुरंग प्रोजेक्ट पर हुए हमले में शामिल था। आतंकियों के पास से अमेरिकी एम4 कार्बाइन, एके-47, 17 राइफल और ग्रेनेड मिले हैं।


### मानहानि मामले पर फिलहाल रोक

## अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसा नहीं कहेंगे, राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की नसीहत

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से भारतीय सेना और चीन सीमा विवाद को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर दर्ज मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नसीहत भरी टिप्पणी की है। कोर्ट ने पूछा, कि आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2000 किलोमीटर भारतीय जमीन पर कब्जा कर लिया है?

अगर आप सच्चे भारतीय हैं, तो आप ऐसा नहीं कहेंगे। यह टिप्पणी कोर्ट ने उस समय की जबकि राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई के दौरान दलीलें पेश कीं। यह याचिका भारत जोड़ो यात्रा 2023 के दौरान सेना पर की गई कथित टिप्पणी से संबंधित मानहानि मुकदमे को रद्द कराने के लिए दायर की गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने राहुल गांधी से सवाल किया, आप विपक्ष के नेता हैं, आप संसद में यह सवाल क्यों नहीं पूछते? आपके पास क्या कोई विश्वसनीय जानकारी है कि चीन ने वास्तव में 2000 किमी तक जमीन हड़प ली है? इसके जवाब में वरिष्ठ वकील सिंघवी ने कहा कि अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और राहुल गांधी ने चुनाव लड़ने का उद्देश्य संसद में बोलने की छूट पाना नहीं रखा।



उन्होंने तर्क दिया कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन हुआ है क्योंकि राहुल को मुकदमे में संज्ञान लेने से पहले कोई सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण आवश्यक - कलेक्टर

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करणे निर्देश

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागीय कार्यों को तय समयावधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लापरवाही एवं ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्व का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करना होगा। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। ऐसा नहीं करने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। श्री सिंह ने ह्यहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संगह्म अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगा।प्रथम चरण 02 अगस्त से 08 अगस्त तक जिले में देशभक्ति के वातावरण एवं तिरंगे पर केंद्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, रंगोली, तिरंगा सजावट एवं प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ एवं नगर निगम को निर्देशित किया गया है। द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त तक जिले में तिरंगा रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसमें घर एवं वाहनों पर तिरंगे फहराना, तिरंगा के साथ सेल्फी अपलोड करने एवं तिरंगे की दृश्यता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ाभी विभागीय अधिकारियों को इस अभियान के अंतर्गत अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। ाठक में एडीएम श्री भूपेन्द्र गोयल, श्री प्रकाश नायक, श्री अंकुर मेश्राम, सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत अब तक 12 हजार से अधिक आदिवासी घर हुए रोशन

**यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख योजनाओं में शामिल है जिस पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है।**

दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ₹प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान₹ (प्रधानमंत्री जनमन योजना) आरडीएसएस के तहत कंपनी कार्यक्षेत्र के 10 आदिवासी बहुल जिलों में अब तक बैगा, भारिया तथा सहरिया जनजाति परिवारों के 12 हजार से अधिक घरों को रोशन किया है। गौरतलब है कि कंपनी कार्यक्षेत्र के इन दस जिलों में ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन, मुरैना एवं भिण्ड शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान₹ (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के तहत अब शेष लगभग 02 हजार पात्र आदिवासी हितग्राहियों के घरों को जल्दी ही विद्युतीकृत कर रोशन किया जाएगा। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख योजनाओं में शामिल है जिस पर तीव्र गति से काम किया जा रहा है। इस योजना में आदिवासी बहुल गावों के बैगा, भारिया तथा सहरिया जनजाति के अविद्युतिकृत घरों को ऊजीर्कृत किया जा रहा है जिसमें कंपनी के अंतर्गत ग्वालियर में 210, विदिशा में 3697, मुरैना में 62, अशोकनगर में 738, श्योपुर में 752, दतिया में 431, गुना में 2213, शिवपुरी में 3640, रायसेन में 252 एवं भिण्ड में 43 घरों में बिजली पहुंचाई गई है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कंपनी कार्यक्षेत्र के 10 आदिवासी बहुल जिलों के (बैगा, भारिया, सहरिया) पात्र परिवारों के घरों को ऊजीर्कृत किया जा रहा है। इस योजना से एक ओर जहाँ आदिवासी परिवारों के बच्चों को पढ़ने-लिखने के साथ ही घरेलू कामकाज और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं वहीं दूसरी ओर पीने के पानी, सड़क बत्ती और मूलभूत सुविधाएं मिलने से उनके रहन-सहन के स्तर में सुधार दिखाई दे रहा है।

# महापौर श्रीमती मालती राय हैहय कल्चुरी महासभा की महिला मंडल मोर्चा द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव में सम्मिलित हुई



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने अखिल भारत वर्षीय हैहय कल्चुरी महासभा की महिला मंडल द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव में सम्मिलित होकर अभिषेक किया और उपस्थितजन को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। महापौर श्रीमती माली राय ने सोमवार को अरेरा कालोनी स्थित माँ दुर्गा मंदिर में अखिल भारत वर्षीय हैहय कल्चुरी महासभा की महिला मंडल द्वारा आयोजित हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की एवं जल अभिषेक किया। इस अवसर पर महिला मंडल ने महापौर श्रीमती राय का सम्मान भी किया। महापौर श्रीमती राय ने उपस्थितजन को श्रावण मास एवं हरियाली तीज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महासभा की महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पूनम चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कमलेश राय सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की पदाधिकारी एवं बहने मौजूद थी।

# गुफा मंदिर के महंत श्री रामप्रवेश दास जी के सानिध्य में केबिनेट मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग व महापौर श्रीमती मालती राय ने गुफा मंदिर की मुख्य सीढ़ियों के विस्तारीकरण कार्य हेतु किया भूमिपूजन



दैनिक भेल पॉवर ■

**भोपाल।** गुफा मंदिर के महंत महा मंडलेश्वर श्री-श्री 1008 श्री रामप्रवेश दास जी महाराज के सानिध्य में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग व महापौर श्रीमती मालती राय ने गुफा मंदिर की मुख्य सीढ़ियों के विस्तारीकरण कार्य हेतु विधिवत भूमिपूजन किया। इस मौके पर पार्षद श्रीमती प्रियंका मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे। गुफा मंदिर प्रांगण में सोमवार को लगभग 62 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीढ़ियों के विस्तारीकरण कार्य हेतु भूमिपूजन के दौरान मंत्री श्री सारंग व महापौर श्रीमती राय आदि ने मुख्य सीढ़ियों के विस्तारीकरण के मानचित्र का अवलोकन किया एवं वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर महंत श्री रामप्रवेश दास जी महाराज ने मंत्री श्री विश्वास सारंग एवं महापौर श्रीमती मालती राय को आशीर्वाद स्वरूप अंग वस्त्र व पौधे भी भेंट किए।

# महापौर श्रीमती मालती राय शिव पालकी व महाकाल बाबा की शाही सवारी में सम्मिलित हुई



**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय श्रावण मास के पावन अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिव पालकी व बाबा महाकाल की शाही सवारी में सम्मिलित हुई और धर्मलाभ अर्जित किया। महापौर श्रीमती मालती राय सोमवार को शिवमंदिर श्वेता काम्प्लेक्स पर आयोजित शिव पालकी में सम्मिलित हुई और धर्मलाभ अर्जित किया साथ ही बुधवारा भोईपुरा स्थित भैंरोघाट मंदिर में आयोजित बाबा महाकाल की शाही सवारी में भी सम्मिलित हुई और महाकाल बाबा की पूजा अर्चना भी की। श्वेता काम्प्लेक्स क्षेत्र में आयोजित शिव पालकी में महापौर परिषद की सदस्या श्रीमती सुषमा बावीसा, पूर्व मंत्री श्री पी.सी.शर्मा, पूर्व निगम परिषद अध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# पहली बैठक के साथ भाजपा के नए कार्यालय का हुआ उद्घाटन

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी का नया जिला कार्यालय अब शहर के केंद्र में बस स्टैंड के पीछे स्थित बहावलपुरी समाज की धर्मशाला में तैयार हो गया है। सोमवार को कार्यालय का उद्घाटन हुआ और पहली बैठक भी यहीं आयोजित की गई। भाजपा के इस नए ठिकाने पर अब सभी संगठनात्मक गतिविधियां और आयोजन किए जाएंगे। गौरतलब है कि पिछले कई सालों से भाजपा के पास अपना निजी कार्यालय भवन नहीं है। इस वजह से पार्टी को किराए के भवनों में कार्यालय चलाना पड़ता है और जिलाध्यक्ष के बदलने के साथ ही कार्यालय का स्थान भी बदल जाता था। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के कार्यकाल में कार्यालय सीहोर-इछावर रोड पर था, जो शहर से दूर होने के कारण कार्यकताओं के लिए असुविधाजनक था। अब नया कार्यालय शहर के मध्य में होने से जिले भर से आने वाले कार्यकताओं को काफी सुविधा होगी।




# नेश मेवाड़ा बने युवा परिषद के जिला अध्यक्ष



**सीहोर।** गहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज द्वारा रविवार को एक सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज की गतिविधियों को लेकर विचार विमर्श किया गया और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई बैठक में सर्वसम्मति से समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सेमली के उत्कृष्ट कृषक युवा समाजसेवी दिनेश मेवाड़ा को समाज के प्रति उनके समर्पण एवं लग्नशीलता को ध्यान में रखते हुए युवा परिषद का सीहोर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया ह्र श्री मेवाडा के युवा परिषद जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाजजनों, मित्र मंडल एवं ग्राम वासियों ने हार्दिक बधाई प्रेषित की।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में आनंद ग्रामों के विकास और नदी संरक्षण पर हुए दो एमओयू

## राज्य आनंद संस्थान, दीनदयाल शोध संस्थान एवं जन अभियान परिषद के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू

**जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के बीच हुआ द्विपक्षीय एमओयू**

दैनिक भेल पॉवर ■





**भोपाल।** मुख्यमंत्री एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सोमवार को दो अलग-अलग विषयों से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में हुए इन एमओयूस को हस्ताक्षरित कर संबंधित पक्षों द्वारा आदान-प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पक्षों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब मिलकर प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे। पहला त्रिपक्षीय एमओयू राज्य आनंद संस्थान, भोपाल, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट एवं मप्र जन अभियान परिषद, भोपाल के मध्य हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य तीनों संस्थानों द्वारा आपसी प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश में आनंद ग्रामों के विकास तथा सतत विकास के लक्ष्य पर आधारित ग्राम विकास अवधारणा के क्रियान्वयन की साझा पहल करना है। दूसरा द्विपक्षीय एमओयू म.प्र. जनअभियान परिषद, भोपाल और नर्मदा समग्र, भोपाल के बीच हुआ। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों द्वारा मध्यप्रदेश में नदी संरक्षण से जुड़े विविध आयामों पर नागरिकों की मनःस्थिति और वर्तमान परिस्थिति बदलने के लिए साझा प्रयास करना है। म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर, अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख सचिव आनंद विभाग श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, राज्य आनंद संस्थान के सीईओ श्री आशीष कुमार गुप्ता, जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़, दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के संगठन सचिव श्री अभय महाजन, संस्थान के कोषाध्यक्ष सह सचिव श्री बसंत पंडित, नर्मदा समग्र न्यास, भोपाल के अध्यक्ष श्री राजेश दवे, सचिव श्री करण सिंह कौशिक एवं मुख्य कार्यकारी श्री कार्तिक सप्रे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। **एमओयू की पृष्ठभूमि-** म.प्र. जन अभियान परिषद अपने लक्षित उद्देश्यों के अनुरूप स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलंबन के माध्यम से शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में आमजनों की सह?भागिता सुनिश्चित कर लोगों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रयत्नशील है। इसके लिए परिषद निरन्तर विशेषज्ञता वाले शासकीय विभागों और संगठनों के साथ एमओयू करके सभी पक्षों की सहमति, सहयोग और समन्वय से कार्यक्रमों और आयोजनों की रूपरेखा तैयार करती है। परिषद के साथ सोमवार को हुए पहले त्रिपक्षीय एमओयू का उद्देश्य यह है कि तीनों संस्थान एक-दूसरे की विशिष्टताओं और विशेषज्ञताओं का लाभ लेकर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान करें। दूसरे द्विपक्षीय एमओयू का उद्देश्य अविरल, निर्मल और कल-कल करती मां नर्मदा नदी के साथ-साथ इसकी सहायक नदियों को भी पुनर्जीवन प्रदान करने में आपसी सहयोग और समन्वय से विशेष रणनीति बनाकर इसे नदी संरक्षण की दिशा में तेजी से लागू करना है।

**Name change**

I, Shyam Prakash Saxena S/O Om Prakash Saxena R/O EWS 70, Purani Housing Board Colony, Morena, Madhya Pradesh-476001 have changed name of my minor son Anay Saxena aged 14 years to Aryan Saxena.

# सिलवानी वन मंडल की बड़ी कार्रवाई,कीमती सागवान महिंद्रा मोटरसाइकिल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक भेल पॉवर ■

**रायसेन।** वाहन महिन्द्रा बोलेरो मेक्सिट्रक प्लस पिकअप सागौन ईमारती नग-19 एवं 01 मोटर साईकिल हीरो पैशन प्रो रजिस्ट्रेशन नम्बर MP 49ZD 6397 एवं आरोपी ईराश खॉन आ० हनीफ खॉन नि. झिरीयाखेडा, तह.-केसली, जिला-सागर की निशानदेही पर 01 मोटर साईकिल हीरो पेसन एक्सप्रो उऋ15उछ1580 की जप्ती की कार्यवाही की गई। मौके से 02 आरोपी को गिरफ्तार किया। मुख्य वनसंरक्षक वृत्त भोपाल श्री राजेश कुमार खरे के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी सामान्य रायसेन श्रीमति प्रतिभा शुक्ला के मार्ग दर्शन एवं उपवनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी श्री इन्दर सिंह बारे के सहयोग से वन परिक्षेत्र जैथारी अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर दिनांक 02.08.2025 को प्रातः 04:15 बजे ग्राम शालाबर्स में एक महिन्द्रा बोलेरो मेक्सिट्रक प्लस



पिकअप वाहन क्रमांक टढ13ऋअ6019 मे सागौन इमारती 19 नग को अवैध परिवहन करते हुए वनस्टाप द्वारा पीछा कर रोककर वनोपज के संबंध में पूछताछ की गई। अपराधियों द्वारा उक्त वनोपज को जंगल से काटकर लाना बताया गया। अवैध रूप से सागौन परिवहन करते हुए पाये जाने पर तत्काल मौके पर 01 वाहन महिन्द्रा बोलेरो मेक्सिट्रक प्लस पिकअप सागौन ईमारती नग-19 एवं 01 मोटर साईकिल हीरो पैशन प्रो रजिस्ट्रेशन नम्बर MP 49ZD 6397 एवं आरोपी ईराश खॉन आ० हनीफ खॉन नि. झिरीयाखेडा, तह.-केसली, जिला-सागर की निशानदेही पर 01 मोटर साईकिल हीरो पेसन एक्सप्रो CG15CL1580 की जप्ती की कार्यवाही की गई। मौके से 02 आरोपी को गिरफ्तार किया और बाकी आरोपी रात्रि में अंधेरा का फायदा उठा कर फरार हो गया। इसके पश्चात आरोपी के बताये अनुसार पप्पू खॉन (सलीम) निवासी-खमरिया तहसील-सिलवानी जिला रायसेन के यहां सर्च वारन्ट लेकर घर पर तलाशी ली गई, जिसमें उसके नवनिर्मित मकान मे सागौन चिरान 28 नग 0.204 घ.मी. वनोपज को जप्त किया गया। अज्ञात वाहन में जप्ती की कार्यवाही कर वनअपराध प्रकरण क्रमांक 46317/2 दिनांक 02.08.2025 जारी प्रकरण में की गई कार्यवाही में वाहन पिकअप-1 मोटर साईकिल-2 एवं सागौन ईमारती नग-47 घ.मी.-1.817 को जप्त कर विवेचना में लिया गया। वन अपराध प्रकरण में जप्त मोटर साईकिल टढ49ऊ6397 को वन अमले द्वारा शालाबरू से रेंज कार्यालय जैथारी लाया जा रहा था जिसको पप्पू खॉन (सलीम) निवासी-खमरिया तहसील-सिलवानी जिला-रायसेन द्वारा अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ वन स्टाफ पर हमला करके छीन लिया गया। जिसके संबंध में पुलिस थाना सिलवानी में एफ.आई.आर दर्ज कराई गई। उपरोक्त कार्यवाही में उपवनमण्डलाधिकारी सामान्य सिलवानी श्री इन्दर सिंह बारे, वन परिक्षेत्राधिकारी जैथारी श्री रोहित पटैल, चौकी प्रभारी जैथारी श्री अरविंद पाण्डेय परिक्षेत्र सहायक घोघरी श्री राकेश बाबू राठौर, वनरक्षक घोघरी श्री परमेन्द्र सिंह भल्लावी एवं वनरक्षक वनरक्षक रैपुरा श्री रविन्द्र कुमार निर्मन, वनरक्षक छींद राजूकुमार मर्सकोले एवं वनरक्षक शालाबरू श्री विजय बघेल एवं सुरक्षा श्रमिकों एवं चौकी जैथारी के पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर ने अशासकीय स्कूलों के निरीक्षण के दिए निर्देश




दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने अशासकीय स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा पोर्टल पर फीस प्रतिपूर्ति के लिए की गई एंट्री का अनुमोदन कर आगे की कार्यवाही करने से पहले यह निरीक्षण कराया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू ने निरीक्षण के लिए अलग-अलग अधिकारियों को स्कूल आवंटित किए हैं। ये अधिकारी स्कूलों में विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच करेंगे। जैसे स्कूलों में छात्र संख्या के अनुसार एफडी है या नहीं, स्कूल खुद के भवन में चल रहा है या किराए के भवन में, कमरों की संख्या, रैंप, पुस्तकालय, खेल का मैदान, पुस्तकों की उपलब्धता और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं या नहीं। अधिकारियों से इन सभी बिंदुओं पर जानकारी जुटाकर जिला शिक्षा केंद्र को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है। जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का चक्का जाम, महिलाओं ने दी चूड़ी, आम बिजली उपभोक्ता भी हुए शामिल

दैनिक भेल पॉवर ■

*इटारसी। शहर में कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर के विरोध बिजली ऑफिस के सामने जोरदार उग्र प्रदर्शन में किया ग।इटारसी-स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन में आम बिजली उपभोक्ता भी शामिल हुये। ग्रामीण महिलाओं ने एमपीईबी प्रबंधक को चूड़ी देने की कोशिश की, जिससे अफसर घबरा गए और उप महाप्रबंधक पुलिस गाड़ी में बैठकर भागे। इटारसी में महिला कांग्रेस कांग्रेस पार्टी ने स्मार्ट मीटर के विरोध में एमपीईबी के वरिष्ठ अधिकारी को चूड़ियां भेंट की। महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने चिलचिलाती धूप में 3 घंटे तक इंतजार किया, लेकिन अधिकारी नहीं आए। इससे नाराज होकर महिलाओं ने उन्हें चूड़ियां भेंट की और तानाशाही रवैये के खिलाफ विरोध जताया और अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। कांग्रेस मांग कर रही है कि स्मार्ट मीटर योजना को बंद किया जाए। कांग्रेस मांग कर रही है कि पारंपरिक मीटरों को विकल्प के रूप में चालू रखा जाए। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन में शहर के आम बिजली उपभोक्ताओं ने भी शामिल होकर अपना विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान एमपीईबी आफिस के सामने मुख्य मार्ग पर बैठकर कांग्रेसियों ने अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करने लगे जिससे जाम की स्थिति निर्मित होने लगी। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला और पुलिस बल ने भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस सुरक्षा में डीई संदीप पांडे को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर प्रदर्शन स्थल से बाहर निकाला गया।आंदोलन में प्रमुखरूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, किसान नेता बाबू चौधरी,कांग्रेस नेता संजय गोठी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रवि किशोर जायसवाल,नीलम गांधी,गजानंद तिवारी सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।आंदोलन को देखते हुये भारी पुलिस बल तैनात किया गया।*

# जहां पर लिखा था स्वच्छता अभियान वहीं लगा है गंदे कपड़ो का अम्बार



**नेताओं के लम्बे लम्बे विकास के भाषण सोशल मिडिया मे वायरल होते रहते है इस कारण विकास देखने की इच्छा हर बाहरी व्यक्ति की होती है।**

दैनिक भेल पॉवर ■

**गाडरवारा।** गाडरवारा में स्वच्छता अभियान की बात जरूर होती है लेकिन अगर स्टेशन से सिर्फ चीचली, तिराहे तक सिर्फ पैदल ही निकले तो, स्वच्छता अभियान की पोल खुल जाती है जगह जगह कचरे का अंबार देखने को मिलेगा, अगर मॉडल रोड पर चले तो एक सिरे का आधा भाग ही उसका गायब मिलेगा उसकी जगह ईट रोड युक्त मिलेगा मॉडल रोड़ का एक हिस्सा शायद ही देश मे कही भी ऐसी मॉडल रोड़ होंगी विकास की तो बड़ी-बड़ी बात होती है, लेकिन सिर्फ स्टेशन से चंद्र कदम दुरी तक पैदल चलने पर विकास की पोल खुलने लगती है! मेने भी सोचा कि गाडरवारा में बहुत विकास हो गया होगा, नेताओं के लम्बे लम्बे विकास के भाषण सोशल मिडिया मे वायरल होते रहते है इस कारण विकास देखने की इच्छा हर बाहरी व्यक्ति की होती है, जैसे लोग छिंदवाड़ा का विकास देखने छिंदवाड़ा जाते है, बहुत दिनों बाद आया, लेकिन जब स्टेशन से चंद कदम दूरी पर चला तो देखा कि विकास धरातल की जगह ज्यादा विज्ञापनों में है, ओर नेताओं के भाषणों मे ज्यादा है विकास हुआ है लेकिन नेताओं के भाषणों के हिसाब से नहीं! जबकि एनटीपीसी द्वारा भी लगातार विकास को लेकर गाडरवारा में अनेको कार्य कराये, उसके बाद भी यह हाल कहीं ना कहीं बड़ा सवाल खड़ा करता है।

## नेता जी जरा परेशान अन्नदाता की ओर भी देखें

# अभी अन्नदाता मूंग तुलाइ की लाइन से अलग भी नहीं हुआ ओर यूरिया की लाइन मे लग गया

दैनिक भेल पॉवर ■

**नरसिंहपुर।** जिले में इस समय लाइनों का दौर चल रहा है, अभी कठौतिया सेंट्रल वेयरहाउस सहित अनेक वेयरहाउस मे तीन से चार दिन तक मूंग तुलाई को लेकर लाइन में लगा हुआ था, फिर वह सुबह चार बजे से यूरिया की लाइन में लगने को मजबूर हुआ, आखिर सरकार क्या कर रही है सिर्फ जो अन्नदाता अपने वोट से लोकसभा से लेकर विधानसभा तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनवा रहा, आज वही इतने बुरे दौर से गुजरने को मजबूर है, सोशल मीडिया में हुआ वायरल वीडियो यूरिया के पीछे मारपीट का यूरिया की कमी को लेकर आपस में झुंझलाहट इतनी ज्यादा हो रही है, एक दूसरे के बीच मारपीट तक की नौबत आ रही है, लेकिन इस भीड़ को संभालने के लिए ना ही प्रशासन और नाही पुलिस व्यवस्था का पता है ?ऐसे में सवाल तो उठेंगे ही आखिर सरकार कर क्या रही क्या सिर्फ बड़े-बड़े नेता,भाषणों में ही सारा कुछ कर देंगे या कुछ धरातल पर भी करते दिखेंगे, आखिर कब तक जनता का पालन पोषण करने वाला अन्नदाता यूंही परेशान होता रहेगा!या कभी आराम भी मिलेगा।



# कांवड़ यात्रा के लिए लगाई अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

दैनिक भेल पॉवर ■

*सीहोर। आगामी 6 अगस्त को कुबेरेश्वर धाम मंदिर तक होने वाली कांवड़ यात्रा के लिए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। एसडीएम तन्नय वर्मा को संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर डेहरिया को 5 अगस्त की सुबह 6 बजे से ही सीवन नदी घाट और कुबेरेश्वर धाम पर चिकित्सा दल, एम्बुलेंस और दवाओं के साथ तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जनपद पंचायत और पीएचई विभाग को पर्याप्त पेयजल और साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को फायर ब्रिगेड और खराब वाहनों को हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी को रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने, जबकि डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट को सीवन घाट पर एसडीआरएफ टीम तैनात करने की जिम्मेदारी दी गई है। विद्युत मंडल और लोक निर्माण विभाग को भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।*

# भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ ने चलाया वृक्षारोपण अभियान, तहसील कार्यालय में लगाए गए पौधे

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महेश दुबे के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में, तहसील कार्यालय परिसर में फलदार, फूलदार और औषधीय पौधे रोपित किए गए। अध्यक्ष महेश दुबे ने इस अवसर पर मौजूद सभी लोगों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना सिर्फ हमारा कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी आवश्यकता भी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा किसानों को भी वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि हरा-भरा देश, हरा-भरा मध्य प्रदेश के सपने को साकार किया जा सके। इस मौके पर रोहित बोयत, मनोहर सिंह सरपंच, जीवन सिंह, बाबूलाल, रईस चच्चा, विनोद सिंह, दीपक जोशी, अभिषेक जोशी और राहुल पाठक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



# दो बसों की टक्कर के बाद हुआ खुलासा, 16 किलो गांजा के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** थाना जावर पुलिस ने दो बसों की दुर्घटना के बाद एक बड़े अवैध गांजा परिवहन गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने एक कार सहित 16 किलोग्राम गांजा बरामद करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। बरामद गांजे की कीमत लगभग 3 लाख 52 हजार रुपये बताई जा रही है, जबकि जब्त की गई कार की कीमत लगभग 3 लाख रुपये है। घटना तब सामने आई जब 3 अगस्त को जावर थाना क्षेत्र में दो बसों की टक्कर की सूचना मिली। दुर्घटना में चौहान बस पलट गई थी, जिसकी डिक्की जाम हो गई। क्रेन की मदद से बस को सीधा किया गया और डिक्की खोली गई। इसी दौरान पुलिस ने तीन युवकों को बस की डिक्की से सामान




निकालकर एक कार में रखते हुए देखा। उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर पुलिस ने तुरंत कार की तलाशी ली, जिसमें चार युवक सवार थे। कार में रखे सात बैगों की तलाशी लेने पर उनमें टेप से पैक किए हुए नौ पैकेटों में लगभग 16 किलो गांजा मिला। **पूछताछ में हुआ खुलासा-** पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पियुष, चंदन, कुनाल और एक नाबालिग शामिल है, जो सभी चांदबड़ थाना मंडी के रहने वाले हैं। शुरूआत पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह गांजा ओडिशा से लाया गया था और इसे इंदौर से बस के जरिए सीहोर क्षेत्र में पहुंचाया जाना था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# शिवसेना के पूर्व नेता वर्मा ''आप'' में शामिल, पार्टी की बैठक में बनी निकाय चुनाव की रणनीति



दैनिक भेल पॉवर ■

**सीहोर।** आष्टा रेस्ट हाउस में आम आदमी पार्टी की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें शिवसेना के पूर्व संगठन अध्यक्ष अनिल वर्मा ने आप की सदस्यता ग्रहण की। इस बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मिलकर आगामी नगरीय निकाय चुनावों की रणनीति पर चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूरे मध्यप्रदेश में संगठन का विस्तार करना था। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आम आदमी पार्टी जिले में भी संगठन को मजबूत करेगी और आने वाले नगरीय निकाय चुनावों में पूरी तैयारी के साथ अपने प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी का लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन स्थापित करना है। बैठक में जिला प्रभारी हरीश पाठक, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष आईए खान, जिला कार्यकारी अध्यक्ष चेतन कुमार वास्तवर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारतीय हथकरघा के लिए नवाचार और स्थायित्व के साथ भविष्य बुनना



> भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है। इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं।

हथकरघा क्षेत्र भारत में सबसे बड़ा कुटीर उद्योग है, जो देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और 3.5 मिलियन से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान करता है। स्थानीय बुनकरों द्वारा नैतिक रूप से निर्मित हथकरघा और दस्तकारी वस्त्र, बड़े पैमाने पर उत्पादित फास्ट फैशन का एक सार्थक विकल्प प्रस्तुत करते हैं। ऐसा करके, वे भारत की समृद्ध विरासत को आधुनिक विश्व के लिए एक व्यापक स्थिरता की कहानी में शामिल करते हैं। टिकाऊ वस्त्र इको-सिस्टम के निर्माण के लिए ग्रामीण हथकरघा और हस्तशिल्प क्लस्टरों को सहायता देना महत्वपूर्ण है। ये क्लस्टर भारतीय शिल्पकला की उन जीवंत परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें परिवारों और समुदायों द्वारा पीढ़ियों से कायम रखा गया है। निजी क्षेत्र और सामाजिक उद्यमों ने इस क्षेत्र को पुनर्जीवित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उनका कार्य पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के साथ नवाचार, स्थानीय स्रोत, रि-साईकिलिंग और अप-साईकिलिंग, तथा पारंपरिक प्रथाओं के साथ प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने तक फैला हुआ है। ये प्रयास सहयोग के माध्यम से कारीगर समुदायों को सशक्त बनाने, शिल्पकारों और डिजाइनरों के बीच साझेदारी बनाने, उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने और कारीगरों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं। जापान के ओसाका में आयोजित विश्व एक्सपो 2025 और अमेरिका के सांता फे में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लोक कला बाजार जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर भारतीय शिल्पकारों की हालिया भागीदारी उनकी अनुकूलनशीलता और वैश्विक अपील को दशार्ती है।

भारत सरकार अनेक योजनाओं और पहलों के माध्यम से वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र (टेक्सटाइल इको-सिस्टम) का समर्थन करती है। इनमें कच्चे माल की खरीद, करघों और सहायक उपकरणों आदि की खरीद के लिए वित्तीय सहायता, महिला सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहन, कौशल विकास कार्यक्रम तथा पारंपरिक हथकरघों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मार्केटिंग प्रयास शामिल हैं। पर्यावरण-अनुकूल और सर्कुलर प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने, जैविक कच्चे माल तक पहुँच में सुधार लाने और नैतिक प्रथाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ह्यवोकल फॉर लोकलह्ल और ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल जैसी पहलों ने हथकरघा बुनकरों के लिए अवसरों का काफी विस्तार किया है। ह्यकौशल भारतह्ल और ह्यडिजिटल भारतह्ल जैसे अन्य कार्यक्रम कारीगरों को अपने कौशल को अपग्रेड करने और अपने कार्यस्थलों से सीधे बड़े बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास को बनाए रखने के लिए हथकरघा परंपराओं का दस्तावेजीकरण और संरक्षण भी समान रूप से आवश्यक है। वस्त्र मंत्रालय के नेतृत्व में डिजिटल संग्रह, भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष, पारंपरिक और समकालीन ज्ञान दोनों को संग्रहित करके इस उद्देश्य की पूर्ति करता है। यह मंच अनुसंधान डेटा, डिजाइनर और कारीगर प्रोफाइल, एक वर्चुअल संग्रहालय और डिजिटल प्रदर्शनियां उपलब्ध कराता है, जिससे यह विद्वानों, शिक्षार्थियों और शिल्प उत्साही लोगों के लिए एक मूल्यवान संसाधन बन जाता है। हथकरघा क्षेत्र को अधिक लक्ष्य-उन्मुख और लाभदायक बनाने के लिए व्यवसाय-केंद्रित रणनीति आवश्यक है। को-ऑप्टेक्स, बोयानिका अथवा टाटा ट्रस्ट द्वारा अन्तरान जैसे हथकरघा मार्केटिंग संगठनों की केस स्टडी से पता चलता है कि व्यवस्थित योजना, चाहे वह समितियों, सहकारी समितियों के प्रोत्साहन के माध्यम से हो अथवा गैर-लाभकारी संस्थाओं के साथ सहयोग के माध्यम से हो, हथकरघा बुनकरों की आय और आजीविका में महत्वपूर्ण सुधार ला सकती है।

इसे हासिल करने के कई तरीके हैं। पारंपरिक और आधुनिक, दोनों बाजारों के लिए नए डिजाइन विकसित करने के साथ-साथ पारंपरिक डिजाइनों को पुनर्जीवित करना, खासकर थीम-आधारित प्रदर्शनियों के जरिए, ग्राहकों को शिक्षित करने और माँग बढ़ाने में मदद कर सकता है। अंगवस्त्रम, वेष्टी और मुंडू जैसे उत्पादों को भी प्रासंगिक बने रहने के लिए विचारशील डिजाइन नवाचार की आवश्यकता होती है। वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि केवल 22% हथकरघा बुनकर साड़ियां बनाते हैं और 19% अंगवस्त्रम और इसी तरह के उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे 59% ऐसे बुनकर बचते हैं जिन्हें घरेलू साज-सज्जा और वस्त्र सामग्री की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित और सक्रिय किया जा सकता है। आधुनिक रुचियों के अनुरूप ढलते हुए, भारतीय हथकरघा को परिभाषित करने वाले अद्वितीय क्षेत्रीय कौशल और तकनीकों को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। जैविक फाइबर, प्राकृतिक रंगों और टिकाऊ सामग्रियों के उपयोग से हथकरघा उत्पादों का मूल्य और आकर्षण और अधिक बढ़ सकता है।

वस्त्र मंत्रालय संत कबीर और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार जैसे पुरस्कारों के माध्यम से बुनकरों के योगदान को सक्रिय रूप से मान्यता प्रदान कर रहा है और उन्हें पुरस्कृत कर रहा है। हाल के वर्षों में, नई श्रेणियां शुरू की गई हैं, जैसे कि महिला बुनकरों, जनजातीय कारीगरों, दिव्यांग बुनकरों, नवोन्मेषी उत्पादक समूहों और हथकरघा के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने वाले डिजाइनरों के लिए पुरस्कार। इसमें एक उल्लेखनीय बात यह है कि युवाओं को युवा बुनकर पुरस्कार भी दिया जाता है, जोकि 30 वर्ष से कम आयु के ऐसे कारीगरों को दिया जाता है, जिन्होंने पारंपरिक तकनीकों में निपुणता प्राप्त कर ली है तथा नवाचार अथवा उद्यमिता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हैं। ये पुरस्कार न केवल प्रतिष्ठित हैं बल्कि पारदर्शी और लोकतांत्रिक भी हैं, तथा इनके साथ नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी दिए जाते हैं। संत कबीर, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार विजेताओं को आजीवन 8,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाती है। इसका उद्देश्य हथकरघा के क्षेत्र में नवाचार, विशेष रूप से ऐसी तकनीकों और सौंदर्यबोध को बढ़ावा देना है, जिनकी मशीनों अथवा पावरलूमों द्वारा नकल नहीं की जा सकती है।


भारतीय हथकरघा उद्योग का स्थायित्व बनाए रखने के लिए परंपरा और नवाचार दोनों को अपनाने की आवश्यकता है। भारत कपास, रेशम, ऊन, जूट और नारियल के रेशों जैसे प्राकृतिक फाइबर से समृद्ध है, और यहाँ बाँस, केले के फाइबर, हेम्प और मिल्कवीड जैसी नई सामग्रियों की खोज तेजी से हो रही है। कृषि अपशिष्ट की एक बड़ी मात्रा भी अभी तक पूरी तरह से उपयोग में नहीं आ पाई है। इस प्रचुरता के बावजूद, वास्तव में टिकाऊ उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर यार्न और वस्त्र प्रसंस्करण को मजबूत करने की अभी भी आवश्यकता है।

वस्त्र क्षेत्र में उद्यमों के सर्कुलर उत्पादन में तेजी आ रही है। वर्तमान समय में भारत की गहन भौतिक संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ रही है, यह केवल यार्न और फैब्रिक में ही नहीं, बल्कि परिधानों के सहायक उपकरणों में भी बढ रही है, जिनका पर्यावरणीय प्रभाव के लिए मूल्यांकन किया जा रहा है। बचे हुए कपड़ों और धागों का उपयोग करके बनाए गए पुनर्चक्रित संग्रह लोकप्रिय हो रहे हैं, जो पारंपरिक, टिकाऊ प्रथाओं के पुनरुद्धार में योगदान दे रहे हैं। यह आंदोलन पर्यावरण के प्रति जागरूक फैशन की ओर एक व्यापक वैश्विक बदलाव को दशार्ता है।

आज, तेजी से बढ़ते शहरी प्रवास और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के साथ, पारंपरिक बुनकर की अपने करघे पर भूमिका प्रतीकात्मक से कहीं ज्यादा बढ़ गई है, अब यह हरित तकनीक और सांस्कृतिक संरक्षण का एक सशक्त उदाहरण बन गई है। भारत की हथकरघा विरासत एक ऐसा मार्ग प्रशस्त करती है जो पर्यावरण और शिल्प से जुड़े लोगों का सम्मान करती है और देश को ज़िम्मेदार एवं नैतिक फैशन के क्षेत्र में अग्रणी बनाती है।



# शिबू सोरेन :संथाल हूल के विस्तार की से राजनीतिक शुरूआत



1855 में जब सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, और फुलो-झानो ने दामिन-ए-कोह की धरती पर अंग्रेजी राज, महाजनों और जमींदारों के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका, तो वह सिर्फ हथियारबंद विद्रोह नहीं था, वह एक नई शासन व्यवस्था की माँग थी–जिसमें आदिवासी समाज अपने तरीके से जी सके, अपने नियम बना सके और अपनी जमीन, जंगल और संस्कृति की रक्षा कर सके। इसी विचार की एक और कड़ी शिबू सोरेन की चेतना में दिखाई देती थी। शिबू सोरेन का प्रारंभिक संघर्ष भी बिल्कुल वैसा ही था जैसा संथाल विद्रोह का – महाजनों के खिलाफ, जमींदारों के शोषण के खिलाफ, और पुलिसिया अत्याचारों के विरुद्ध। उन्होंने ह्यधान काटो आंदोलनह्ल, जंगल में समाज सुधार सभाएं, शराबबंदी अभियान, बाल विवाह विरोधी आंदोलन जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम चलाए। शुरूआत में उनका आंदोलन उग्र था – हिंसा भी हुई, पुलिस से टकराव हुआ। लेकिन फिर के.बी. सक्सेना जैसे अधिकारियों के हस्तक्षेप और शिबू सोरेन की वैचारिक परिपक्वता के कारण यह आंदोलन लोकतांत्रिक दिशा में मुड़ा। जहाँ संथाल विद्रोह में राजा की जगह आदिवासी ग्राम प्रमुख की कल्पना थी, वहीं शिबू सोरेन के आंदोलन में भी गांवों की संप्रभुता की मांग थी। जहाँ संथाल विद्रोह में हूल था, वहाँ शिबू सोरेन के आंदोलन में हुंकार थी–लेकिन उद्देश्य एक था- हम अपनी जमीन, जंगल और आत्मा पर किसी बाहरी सत्ता को स्वीकार नहीं करेंगे।

शिबू सोरेन सिर्फ एक नेता नहीं हैं, वे उस क्रांति का नाम हैं, जो जमीन की गंध से उठी थी और संसद तक पहुंची। जब भारत की राजनीति में हाशिए पर खड़े समुदायों की बात होती है, तो झारखंड के आदिवासियों की पीड़ा और प्रतिरोध की गाथा में एक नाम सबसे पहले उभरता है–शिबू सोरेन। वे सिर्फ एक राजनेता नहीं, बल्कि झारखंड के जनांदोलन के प्रतीक हैं। उनका जीवन, उनके विचार और उनके संघर्ष आदिवासी अस्मिता, जमीन, जंगल और जल की रक्षा के लिए खड़े हुए उस विराट आंदोलन का हिस्सा है, जिसने एक राज्य को जन्म दिया और हाशिए पर खड़े लोगों को आवाज दी। एक समय नक्सली, फिर जन नेता शिबू सोरेन का शुरूआती जीवन एक तरह से विद्रोही राजनीति की गोद में पला। उन्होंने जमींदारी, महाजनी और बाहरी तत्वों के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने आदिवासी किसानों को इकट्ठा कर धनकुबेरों की जमीनों पर हल चलाने की मुहिम शुरू की। यह आंदोलन कई बार हिंसक भी हुआ। सरकारी दस्तावेजों में उनका नाम खतरनाक तत्वों की सूची में आ गया। पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पा रही थी, लेकिन जनता उन्हें गुरुजी के नाम से जानने लगी थी। कई दस्तावेज बताते हैं कि वे नक्सलपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित थे। लेकिन तभी उनकी मुलाकात हुई–के.बी. सक्सेना जैसे ईमानदार और संवेदनशील नौकरशाह से, जो उस वक्त बिहार सरकार में पदस्थ थे और बाद में भारत सरकार में सचिव बने। सक्सेना ने शिबू से कहा–तुम्हारी लड़ाई सही है, लेकिन रास्ता गलत है। अगर तुम्हें वाकई अपने लोगों को न्याय दिलाना है, तो बंदूक नहीं, संसद का रास्ता अपनाओ। यह सलाह शिबू के जीवन का मोड़ बनी। उन्होंने आत्मनिरीक्षण किया और फैसला किया कि वे बंदूक की जगह वोट की ताकत से लड़ाई लड़ेंगे। हूल बनाम हुंकारः दो युग, एक चेतना जब भारत के आदिवासी आंदोलनों का इतिहास लिखा जाएगा, तो उसमें दो प्रमुख मोड़ हमेशा उभर कर सामने आएंगे,पहला, 1855 का संथाल विद्रोह और दूसरा, 1970झ2000 के झारखंड आंदोलन का उत्कर्ष, जिसका नेतृत्व शिबू सोरेन ने किया। इन दोनों संघर्षों के समय, परिप्रेक्ष्य और रणनीतियाँ भिन्न हो सकती हैं लेकिन मूल चेतना, उद्देश्य और अस्मिता की रक्षा की भावना एक ही थी। संथाल हूल तत्कालीन ब्रिटिश राज, महाजनी शोषण और जमींदारी व्यवस्था के खिलाफ आदिवासी समाज की पहली संगठित प्रतिक्रिया थी। संथालों को उनकी जमीन से बेदखल किया जा रहा था, उन पर टैक्स थोपा जा रहा था, और महाजन उन्हें सूदखोरी के जाल में फंसा रहे थे। यह केवल अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह नहीं था, बल्कि एक समांतर शासन व्यवस्था की स्थापना का प्रयास भी था। सिदो-कान्हू ने घोषणा की थी कि अब वे ब्रिटिश राज से स्वतंत्र हैं, और संथाल क्षेत्र अब उनके अपने पारंपरिक प्रमुखों के नियंत्रण में रहेगा। उन्होंने ग्रामसभाओं की बैठकें और सामूहिक निर्णय प्रणाली को सक्रिय किया यानी एक वैकल्पिक, लोक-आधारित शासन मॉडल। हूल का प्रमुख लक्ष्य था जमीन की रक्षा। महाजनी और जमींदारी शोषण का प्रतिरोध और सांस्कृतिक और सामाजिक ढांचे की पुनः स्थापना। संथाल विद्रोह ने एक परंपरागत गणराज्य की कल्पना की थी। शिबू सोरेन ने ग्राम सभा की सर्वोच्चता, पेसा अधिनियम, और जनजातीय स्वशासन की धारणा को संवैधानिक पहचान दिलाने का प्रयास किया। 1970 के दशक में शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड आंदोलन ने रफ्तार पकड़ी। इस आंदोलन का उद्देश्य था–अलग झारखंड राज्य की स्थापना, ताकि आदिवासी बहुल इलाकों को उनकी

## संपादकीय

# भगवान शिव सृष्टि के पिता, कोई अच्छा-बुरा नहीं, सभी का कर्म फल उनका भाग्य

भारतीय संस्कृति में भगवान शिव केवल एक देवता नहीं , बल्कि एक ऐसे आदर्श गृहस्थ हैं।जिनके जीवन से परिवार, समाज देश काल और सृष्टि के संबंधों की गूढ़ शिक्षाएँ मिलती हैं। उनके परिवार को ह्लशिव परिवारह्व के नाम से जाना जाता है। जिसमें देवी पार्वती, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय, नंदी, भृंगी, और यहां तक कि नाग-वंश से वासुकी तक के सभी सदस्य शामिल हैं। यह परिवार की विविधता ,एकता, समर्पण, सहिष्णुता और और सृष्टि के सभी जीवो के प्रति समानता का प्रतीक है। प्रत्येक जीव की सोच अलग होती है। सभी में श्रेष्ठता का भाव है।परिवार में मतभेद होना सामान्य है। भगवान शिव सिखाते हैं, विचारों में मतभेद के बावजूद सभी का महत्व बराबर है। शिव के दोनों पुत्र झ गणेश और कार्तिकेय झ स्वभाव और रुचियों में भिन्न हैं, फिर भी उन्हें समान सम्मान और स्नेह मिलता है। एक युद्धप्रिय सेनापति है, तो दूसरा बुद्धि का देवता। शिव परिवार की सबसे बड़ी शिक्षा यही है झ कि गुणों और कमियों के बावजूद हर सदस्य का अपना स्थान और महत्व है। भिन्नताओं में समानता भगवान शिव का वाहन नंदी है झ एक शांत बैल, जबकि उनकी पत्नी पार्वती का वाहन सिंह है, गणेश का वाहन मूषक और कार्तिकेय का वाहन मयूर। ये वाहन प्रतीक हैं। विविधता को अपनाना और उसका सम्मान करना ही कर्म और भाग्य की सही पहचान है। यहां तक कि शिव के गले में सर्प है ,जो आमतौर पर भय और विष का प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव उसे भी स्नेहपूर्वक कंठ मे स्थान देते हैं। यह दशार्ता है किसी जीव की पहचान या भूमिका के कारण उसे कमतर नहीं आंका जाना चाहिए। समता और न्याय की मिसाल एक लोकप्रिय कथा है, जब गणेश और कार्तिकेय दोनों को पृथ्वी की परिक्रमा करने की चुनौती दी जाती है। कार्तिकेय अपने तेज मयूर पर निकल पड़ते हैं। जबकि गणेश अपने माता-पिता की परिक्रमा करते हैं, और कहते हैं, मेरे लिए पूरा ब्रह्मांड आप दोनों हैं। शिव और पार्वती ने गणेश की इस भावना को समझते हैं। उन्हें विजेता घोषित कर देवताओं की पूजा में अग्रणी स्थान दिया। यहां भगवान शिव सिखाते हैं,परिवार की भावनाओं और सोच की गहराई को समझना महत्वपूर्ण है। विचारों में परिवर्तन श्रेष्ठ का आधार नहीं है। आलोचना से ऊपर उठने की सीख शिव एक ऐसे भगवान हैं। जो समाज के तथाकथित अस्वीकृत या तिरस्कृत प्राणियों को भी समान अवसर और अधिकार देते हैं। सृष्टि के 84 लाख योनियों में जन्म लेने वाले सभी जीवो के प्रति भगवान शिव समान भाव रखते हैं। भगवान शिव की जब बारात निकली तब सारे सृष्टि के जीव उसमें शामिल हुए उनके गणों में कोई भेदभाव नहीं,श्रेष्ठता या हीनता का भाव नहीं। कर्म का फल बिना किसी भेदभाव के भगवान शिव ने दिये। यही एक कारण है, राक्षसों को सबसे ज्यादा वरदान भगवान शिव से मिले हैं। भगवान शिव की यह प्रेरणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी की कमजोरी या कर्म फल के सिद्धांत की स्थिति को लेकर उन्होंने कभी भी किसी जीव के साथ भेदभाव नहीं किया। वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता कलयुग के आधुनिक समाज में जब विज्ञान अपनी सर्वोच्चता में है।

## (आस्था)

### 27 साल बाद दंडाधिकारी शनि करने जा रहे गुरु के नक्षत्र में प्रवेश, इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन,

वैदिक ज्योतिष में शनि देव को कर्मफल दाता और न्यायप्रदाता माना जाता है। मतलब शनि देव व्यक्ति को कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। साथ ही शनि देव एक राशि से दूसरी राशि में लगभग ढाई साल बाद परिवर्तन करते हैं। साथ ही बीच- बीच में नक्षत्र परिवर्तन भी करते हैं। आपको बता दें कि शनि देव अभी उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में विचरण कर रहे हैं और वह अक्तूबर के महीने में पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। इस नक्षत्र के स्वामी गुरु ग्रह हैं। ऐसे में कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। साथ ही इन राशियों को अपार पैसे के साथ पद-प्रतिष्ठा मिलने के योग हैं। वहीं देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं 10 अगस्त से बढ़ेगी इन राशियों की मुश्किलें, राहु और चंद्र बनाएंगे अशुभ ग्रहण योग, धनहानि के साथ सेहत खराब के योग आप लोगों के लिए शनि देव का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। क्योंकि शनि देव आपकी राशि से धन भाव पर संचरण कर रहे हैं। इसलिए इस समय आपको समय- सयम पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही । इसके साथ ही पैतृक संपत्ति से आपको लाभ मिलेगा। नौकरी-व्यवसाय में तरक्की होगी। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा और परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी। वहीं इस दौरान आपको मान- सम्मान की प्राप्ति होगी। साथ ही आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। वहीं आपको मेहनत का फल मिलेगा। शनि देव का नक्षत्र परिवर्तन आप लोगों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। क्योंकि शनि देव आपकी राशि से छठे भाव पर संचरण कर रहे हैं। इसलिए इस समय आपको कोर्ट- कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। साथ ही इस समय आप शत्रुओं पर विजय पाएंगे। वहीं आपकी फाइनेंशियल कंडीशन अच्छी हो जाएगी। इंवेस्टमेंट से आपको लाभ होगा। जॉब कर रहे जातकों को मेहनत का फल मिलेगा और किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने का मौका मिलेगा। वहीं इस दौरान आपकी सोची हुई योजनाएं सफल होंगी। साथ ही इस समय आप को वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं। 12 महीने बाद शुक्र और सूर्य बनाएंगे दुर्लभ संयोग, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, आकस्मिक धनलाभ के योग आप लोगों के लिए शनि देव का नक्षत्र परिवर्तन करियर और कारोबार के लिहाज से शुभ सिद्ध हो सकता है। क्योंकि शनि देव आपकी गोचर कुंडली से कर्म भाव पर संचरण कर रहे हैं। इसलिए इस समय बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है।

## आज का राशिफल

**मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।**

**मेषः** बच्चे आपके मुताबिक नहीं चलेंगे, जो आपके झुंझलाहट की वजह बन सकता है। आपको खुद पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि नाराजगी सभी के लिए नुकसानदेह है और यह सोचने–समझने की ताकत को खत्म कर देती है। इससे सिर्फ मुश्किल बढ़ती है। पैसे की अहमियत को आप अच्छे से जानते हैं इसलिए आज के दिन आपके द्वारा बचाया गया धन आपके बहुत काम आ सकता है और आप किसी बड़ी मुश्किल से निकल सकते हैं। अगर आप सामूहिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे, तो आप नए दोस्त बना सकते हैं। रोमांटिक मुलाकात आपकी खुशी में तड़के का काम करेगी।

**वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।**

**वृषभः** असहजता आपकी मानसिक शांति में बाधा पैदा कर सकती है, लेकिन कोई दोस्त आपकी परेशानियों के समाधान में काफी मददगार साबित होगा। तनाव से बचने के लिए मधुर संगीत का सहारा लें। लम्बे अरसे को मद्देनजर रखते हुए निवेश करें। अपना क ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें। यह सबसे बेहतर मरहम है। वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे। आज हो सकता है कि पहली नजर में ही आपको कोई पसंद कर ले। कार्यक्षेत्र में हालात आपके पक्ष में रुख करते मालूम होंगे। इस राशि के लोग बड़े ही दिलचस्प होते हैं।

**मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।**

**मिथुनः** तनाव को नजरअंदाज न करें। यह तम्बाकू और शराब की ही तरह खतरनाक महामारी है, जो तेजी से पाँव पसार रही है। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। घर पर आपके बच्चे आपके सामने किसी समस्या को तिल का ताड़ बनाकर पेश करेंगे– कोई भी कदम उठाने से पहले तथ्यों की भली–भांति पड़ताल कर लें। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो आपके दिल को गहराई से छूएगा। नए ग्राहकों से बात करने के लिए बेहतरीन दिन है। आज के दिन यात्रा, मनोरंजन और लोगों से मिलना–जुलना होगा।

**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।**

**कर्कः आप मानसिक और शारीरिक तौर पर थकान महसूस कर सकते हैं, थोड़ा–सा आराम और पौष्टिक आहार आपके ऊर्जा–स्तर को उठाए रखने में अहम साबित होगा। जिन लोगों की अब तक तनख्वाह नहीं आयी है आज वो पैसों के लिए बहुत परेशान रह सकते हैं और अपने किसी दोस्त से उधार मांग सकते हैं। पारिवारिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी, जो आपको मानसिक तनाव दे सकती है। आपको अपने प्रिय के साथ समय बिताने की जरूरत है, ताकि आप दोनों एक–दूसरे को अच्छी तरह से जान व समझ सकें।**

**सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।**

**सिंहः** घरेलू परेशानियाँ आपको तनाव दे सकती हैं। इस राशि के कुछ लोगों को आज संतान पक्ष से आर्थिक लाभ होने की उम्मीद है। आज आपको अपनी संतान पर गर्व महसूस होगा। शाम का ज्यादातर समय मेहमानों के साथ गुजरेगा। अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है। आप दफ़्तर में माहौल में बेहतरी और कामकाज के स्तर में सुधार को महसूस कर सकते हैं। अपने काम से आराम लेकर आज आप कुछ समय अपने जीवनसाथी के साथ बिता सकते हैं। यह दिन आपके जीवनसाथी के रूमानी पहलू को भरपूर तरीके से दिखाएगा।

**कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।**

**कन्याः** अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा–बुरा सब–कुछ इसी के माध्यम से आता है। यही जिंदगी की समस्याएँ दूर करने में सहायक सिद्ध होता है और सही सोच से इंसान को आलोकित करता है। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। बढ़िया दिन है जब आप सबके ध्यान को अपनी तरफ खींचेंगे– आपके सामने चुनने के लिए कई चीजें होंगी और आपके सामने समस्या यह होगी कि किसे पहले चुना जाए।

**तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।**

**तुलाः** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं। आप जीवन में पैसे की अहमियत को नहीं समझते लेकिन आज आपको पैसे की अहमियत समझ में आ सकती है क्योंकि आज आपको पैसे की बहुत आवश्यकता होगी लेकिन आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। पारिवारिक मोर्चे पर समस्याएँ मुँह बाए खड़ी हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियों की अनदेखी आपको सबकी नाराजगी की केंद्र बना सकती है। आज के दिन अपने प्रिय की भावनाओं को समझें। आज आप दूसरे दिनों की तुलना में अपने लक्ष्यों को कुछ ज्यादा ही ऊँचा तय कर सकते हैं।

**वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।**

**वृश्चिकः** सेहत से जुड़ी परेशानियाँ असहजता का कारण बन सकती हैं। आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी। अपने रोमांटिक खयालों को हर किसी को बताने से बचें। काम में आपकी दक्षता की आज परीक्षा होगी। इच्छित परिणाम देने के लिए आपको अपनी कोशिशों पर एकाग्रता बनाए रखने की जरूरत है। वक्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा। अपने जीवनसाथी को सरप्राइज देते रहें,

**धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।**

**धनुः** दोस्त आपका परिचय किसी खास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी। आपका आकर्षक स्वभाव और खुशमिजाज व्यक्तित्व नए दोस्त बनाने में आपकी मदद करेगा और आपके सम्पर्क में इजाफा करेगा। आज के दिन आप किसी कुदरती खूबसूरती से खुद को सराबोर महसूस करेंगे। व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

**मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।**

**मकरः** अच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियाँ मजेदार रहेंगी, अगर पूरे परिवार की उसमें सहभागिता हो। प्यार–मोहब्बत की नजरिए से बेहतरीन दिन है। प्यार का मजा चखते रहें। अपनी पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाकर आप करिअर में नए दरवाजे खोल सकते हैं। अपने क्षेत्र में आपको अपार सफलता मिलने की संभावना भी है। अपनी सभी क्षमताओं को निखारकर औरों से बेहतर बनने की कोशिश करें। आपका व्यक्तित्व ऐसा है

**कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।**

**कुंभः** नफरत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएँ, क्योंकि नफरत की आग बहुत ज्यादा ताकतवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है। याद रखें कि बुराई अच्छाई से ज्यादा आकर्षक जरूर दिखाई देती है, लेकिन उसका असर खराब ही होता है। जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है। अपने स्वभाव को अस्थिर न होने दें– खासतौर पर अपनी पत्नी/पति के साथ– नहीं तो यह घर की शांति पर असर डाल सकता है। प्रेम–जीवन में आशा की नयी किरण आयेगी।

**मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।**

**मीनः** घर पर काम करते समय खास सावधानी बरतें। घरेलू चीजों को लापरवाही से इस्तेमाल करना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें उसके चोरी होने की संभावना है। खासकर अपने पर्स को आज बहुत संभालकर रखें। ऐसा लगता है कि पारिवारिक–मोर्चे पर आप ज्यादा खुश नहीं हैं और कुछ अड़चनों का सामना कर रहे हैं। आपका संगी आपका भला सोचता है इसलिए कई बार आप पर गुस्सा भी कर बैठता है, उनके गुस्से पर नाराज होने से बेहतर यह होगा।

# बिग बॉस 19 के प्रीमियर से पहले आएगा एक स्पेशल एपिसोड



बिग बॉस 19 की शुरुआत बस कुछ दिनों में होने ही वाली है. हर साल फैन्स इस शो के नए सीजन का बेसब्री के साथ इंतजार करते हैं. वहीं मेकर्स भी हर साल कुछ न कुछ नया और हटकर लोगों के सामने पेश करने की कोशिश करते हैं. बिग बॉस 19 की घोषणा हो चुकी है और सलमान खान का प्रोमो भी रिलीज़ हो चुका है. अब, आने वाले सीज़न के बारे में एक नया अपडेट सामने आया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो के ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड से पहले एक स्पेशल एपिसोड लॉन्च किया जाएगा.टेलीचक्कर की रिपोर्ट के अनुसार, बिग बॉस 19 के मेकर्स 24 अगस्त को होने वाले ग्रैंड प्रीमियर से पहले एक एपिसोड लॉन्च करने की तैयारी में हैं. यह एपिसोड एक्सक्लूसिव तौर पर जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकेगा और टेलीविजन पर आन एयर नहीं होगा. यह 23 अगस्त (शनिवार) को प्रसारित होगा और इसका नाम अग्नि परीक्षा होगा.

बिग बॉस 19 को लेकर यह खबर मेकर्स के प्रीमियर की तारीख की अनाउंसमेंट करने के कुछ ही दिनों बाद आई है. अभी तक शो की टीम की तरफ से इस पर कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है. लेकिन अगर ऐसा होता है, तो यह पहली बार होगा जब मेकर्स प्रीमियर नाइट से ठीक पहले कोई एपिसोड लॉन्च करेंगे. सलमान खान के साथ बिग बॉस 19 का पहला ऑफिशियल प्रोमो 31 जुलाई को रिलीज़ किया गया था.शेयर किए गए प्रोमो में, सलमान खान ने अपकमिंग सीज़न के बारे में एक हिंट देते हुए कहा कि इस सीज़न में 'घरवालों की सरकार' होगी. इसका मतलब है कि फैसले सिर्फ बिग बॉस ही नहीं लेंगे, बल्कि सभी बड़े फैसले कंटेस्टेंट्स ही लेंगे. इसमें वोटिंग से लेकर घर से बेघर करने तक का फैसला कंटेस्टेंट्स के पास होगा. इस बार यह शो करीब 5.5 महीने की तक चलने वाला है. बिग बॉस के इतिहास में ये अब तक का सबसे लंबा शो होने वाला है।



# सैयारा ने रचा इतिहास, नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होने वाली बनी पहली YRF थियेट्रिकल फिल्म

18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई सैयारा का हर तरफ डंका बजा हुआ है. अहान पांडे और अनीत पड्डा ने अपनी पहली ही फिल्म के जरिए धूम मचा दी है. फिल्म आए दिन नए-नए रिकॉर्ड बनाते हुए नजर आ रही है. सैयारा के डायरेक्टर मोहित सूरी ने इस फिल्म के जरिए पहली बार ड्ढक्रस्न के साथ हाथ मिलाया है. इसी बीच सैयारा ने इतिहास रच दिया है. स्ट्रीमिंग की दुनिया में इस फिल्म ने बड़ा कारनामा करके दिखाया है. दरअसल सैयारा YRF की पहली थिएटर रिलीज़ बनने जा रही है, जिसका ऑफिशियल पोस्ट-थियेट्रिकल स्ट्रीमिंग पार्टनर नेटफ्लिक्स होगा.सालों से अमेज़न प्राइम वीडियो पर वाईआरएफ की ब्लॉकबस्टर फ़िल्में देखी जा रही थीं. लेकिन अब यह परंपरा अब बदलने वाली है. इस नई साझेदारी की पुष्टि सीधे बड़े पर्दे पर दिखाई दी, जिसमें सैयारा के लास्ट क्रेडिट सॉन्ग के दौरान नेटफ्लिक्स का लोगो दिखाया गया. इसी के साथ ये YRF और ग्लोबल स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स के बीच एक बड़ी साझेदारी की ओर इशारा करता है.सैयारा वाईआरएफ और नेटफ्लिक्स के बीच की दूरी को भरने वाली पहली थिएटर फिल्म है, लेकिन ये दोनों दिग्गज एक-दूसरे के लिए अजनबी नहीं हैं. वाईआरएफ की डिजिटल ब्रांच, वाईआरएफ एंटरटेनमेंट, पहले ही कई सफल सीरीज़ और डिजिटल फिल्मों का निर्माण करके नेटफ्लिक्स के साथ एक मजबूत रिश्ता बना चुकी है।

# 1000 करोड़ी फिल्म के बाद, 3-3 बड़े सितारों वाली फिल्म से होगी प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में वापसी



प्रियंका चोपड़ा को करीब 6 सालों से हिंदी सिनेमा की फिल्मों में नहीं देखा गया है. हालांकि हॉलीवुड में देसी गर्ल अपने काम से धूम मचा रही हैं. ग्लोबल आइकन बन चुकी प्रियंका एक के बाद एक हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में नजर आ रही हैं. 2015 में जब से एक्ट्रेस अमेरिका शिफ्ट हुई हैं, तब से उन्होंने सिर्फ़ दो बॉलीवुड फ़िल्में की हैं, जिनमें से उनकी पिछली फिल्म 2019 में आई 卐द स्काई इज़ पिंक卐 थी. लेकिन अब खबरें आ रही हैं कि प्रियंका की हिंदी सिनेमा में वापसी होने वाली है. माना जा रहा है कि एक्ट्रेस संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म में नजर आ सकती हैं.


प्रियंका चोपड़ा इन दिनों साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू और डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ स्स्स्ब्र29 में काम कर रही हैं. इस फिल्म को 1000 करोड़ के बजट के साथ तैयार किया जा रहा है. फिल्म में प्रियंका नेगेटिव रोल निभाती हुई नजर आने वाली हैं. फिल्म के लिए वो अक्सर हैदराबाद जाती रहती हैं. इसी बीच उनकी अगली हिंदी फिल्म का हिंट मिला है. प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक थ्रोबैक पोस्ट के साथ इंटरनेट पर हलचल मचा दी.

प्रियंका ने संजय लीला भंसाली की फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013) से अपने डांस नंबर राम चाहे लीला चाहे को ट्रिब्यूट दिया. इसमें खास बात सिर्फ पुरानी यादों को ताजा करना ही नहीं, बल्कि उसके साथ लिखा गया कैप्शन भी था. प्रियंका ने लिखा, 卐जब संजय सर मेरे पास यह गाना लेकर आए, तो यह एक मुश्किल फैसला था, लेकिन एक फिल्ममेकर के तौर पर उन्होंने मुझे हमेशा प्रेरित किया है. उनका क्रिएटिव दिमाग, लज़ीज़ खाने के साथ उनकी पुरानी यादें ताज़ा करने वाली कहानियां, कला और संगीत से लेकर नृत्य तक की बातचीतज बीते ज़माने की खूबसूरती और भविष्य की झलक. और फिर उन्होंने गाना बजायाज और मुझे एहसास हुआ कि मैं वही हूं.उन्होंने कोरियोग्राफर विष्णु देवा और सिनेमैटोग्राफर रवि वर्मन के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद करते हुए कहा, 卐संजय सर के मार्गदर्शन में, रवि वर्मन की सिनेमैटोग्राफी निखर गई और विष्णु देवा की कोरियोग्राफी जादुई थी. डांस सीक्वेंस को परफेक्ट बनाने के लिए मैं और वो रोज़ लंच ब्रेक में रिहर्सल करते थे. इससे बहुत अच्छी यादें ताज़ा हो जाती हैं. हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका का ये पोस्ट किसी आने वाली चीज़ की ओर एक इशारा हो सकता है. भंसाली के डायरेक्शन में बन रही लव एंड वॉर में एक्ट्रेस का स्पेशल एपिरियंस हो सकता है. माना जा रहा है कि प्रियंका का इस फिल्म में एक स्पेशल डांस नंबर हो सकता है।




# सुहाना ने शाहरुख को दी नेशनल अवॉर्ड की बधाई

बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को इस बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड से नवाजा गया है. 33 साल के फिल्मी करियर में ये किंग खान का पहला नेशनल अवॉर्ड है जो उन्हें उनकी फिल्म जवान के लिए दिया गया है. ऐसे में उनकी बेटी सुहाना खान ने उन्हें खास अंदाज में बधाई दी है. सुहाना खान ने शाहरुख खान के साथ अपनी एक बचपन की फोटो शेयर की है. इसमें वो अपने पिता की गोद में दिख रही हैं और शाहरुख कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुरा रहे हैं. तस्वीर के साथ सुहाना ने कैप्शन में लिखा- सोने से पहले सुनाई जाने वाली कहानियों से लेकर ऐसी कहानियों तक जो छाप छोड़ जाती हैं, इन्हें आपके जैसा कोई नहीं सुनाता. बधाई हो, आई लव यू द मोस्ट.



## गौरी खान ने भी किया विश



वहीं बीवी गौरी खान ने भी शाहरुख खान को पहली बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड से नवाजे जाने पर विश किया है. गौरी ने रानी मुखर्जी और करण जौहर को भी अवॉर्ड के लिए बधाई दी है. गौरी ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं, इनमें पहली फोटो में वो शाहरुख खान और रानी मुखर्जी के साथ सेल्फी लेती दिख रही हैं. वहीं दूसरी फोटो में करण जौहर और रानी मुखर्जी नजर आ रहे हैं.

## मेरे तीन पसंदीदा लोगों ने बड़ी...



गौरी खान ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा- मेरे तीन पसंदीदा लोगों ने बड़ी जीत हासिल की और हमारे दिल भी जीत गए. जब टैलेंट अच्छाई से मिलती है, तो जादू होता है. बहुत गर्व है और हमेशा उनके बारे में डींग मारने के लिए तैयार हूं.

किसे मिला किस फिल्म के लिए अवॉर्ड?

शाहरुख खान को अपनी साल 2023 की हिट फिल्म जवान के लिए बेस्ट एक्टर कैटेगिरी में पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला है.

वहीं रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड से नवाजा गया है.

जबकि करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने बेस्ट पॉपुलर एंटरटेनमेंट फिल्म कैटेगिरी में नेशनल अवॉर्ड जीता है।

# हिना खान ने जल्दबाजी में क्यों की शादी? अब खुद सामने आईं, सच से उठाया पर्दा!

हिना खान ने कुछ महीने पहले रॉकी जायसवाल से शादी की थी. इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करके फैन्स को इसकी जानकारी दी थी. जब शादी की तस्वीरें सामने आईं तो हर कोई हैरान रह गया. इसके बाद लोग तरह-तरह की बातें करने लगे।

पहले कहा गया कि हिना और रॉकी ने 'पति, पत्नी और पंगा' शो के लिए शादी की है. उसके बाद दावा किया गया कि हिना खान प्रेग्नेंट हैं, जिसकी वजह से दोनों ने जल्दबाजी में शादी कर ली। अब एक्ट्रेस ने इस पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है.



साथ ही हिना खान ने कहा कि उन्हें लोगों की बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता. लाइव हिंदुस्तान के मुताबिक, हिना ने कहा कि उन्होंने शो के लिए रॉकी से शादी नहीं की. एक्ट्रेस ने बताया कि वह पिछले साल रॉकी से शादी करने वाली थीं, लेकिन कैंसर के कारण यह संभव नहीं हो पाया. ऐसे में मेकर्स ने कहा कि अगर आप शो में सगाई भी कर लेते हैं, तब भी आप शो में बने रहेंगे. हिना ने तब ना कहा, फिर उन्हें शो के लिए बॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के तौर पर लॉक कर दिया गया. एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने शादी का फैसला अचानक लिया था.हिना खान ने बताया कि जब उन्हें शो ऑफर हुआ तो उन्होंने मेकर्स से कहा कि उनकी शादी नहीं हुई है और आपके शो का नाम पति, पत्नी और पंगा है. हिना खान ने यह भी कहा कि वह इस शो के लिए बेहद उत्साहित हैं. 'पति पत्नी और पंगा' 2 अगस्त से हर शनिवार और रविवार को प्रसारित होगा. यह दर्शकों का तनाव तुरंत दूर कर देगा, ठीक वैसे ही जैसे इसने शूटिंग के दौरान हमारा तनाव दूर किया था. यह बहुप्रतीक्षित रियलिटी शो 2 अगस्त से कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसे मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे और कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी होस्ट करेंगे। शो में ड्रामा, मस्ती और रिश्तों से जुड़ी चुनौतियाँ देखने को मिलेंगी।

## रॉकी को 13 साल तक किया डेट

इसका शो से किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं है. हालांकि, हिना खान ने यह भी बताया कि जब उनकी शादी हुई थी, तो मेकर्स काफी खुश थे। बता दें कि शादी से पहले हिना और रॉकी ने 13 साल तक एक-दूसरे को डेट किया और जून में शादी करके सबको चौंका दिया था।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकारी आवास किया खाली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायपालिका के प्रमुख का आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 8 नवंबर, 2024 को रिटायर्ड हो गए थे। हाल में नई दिल्ली के कृष्ण मेनन मार्ग स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास पर उनके निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर विवाद हो गया था। जस्टिस चंद्रचूड़ ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि सामान बांध लिया गया है और वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराए पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका व माही कृष्ण मेनन मार्ग, नई दिल्ली स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा था, हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। हमारा सामान पहले ही पूरी तरह बांधा जा चुका है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया गया है और कुछ यहां भंडार कक्ष में रखा हुआ है। वह सुप्रीम कोर्ट प्रशासन की ओर से केंद्र सरकार को भेजे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। पूर्व सीजेआई ने विवाद पर दुख जताया था और अपनी बेटियों की मेडिकल स्थिति का हवाला दिया था, जिन्हें व्हीलचेयर अनुकूल घर की आवश्यकता थी। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा था कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना से बात की थी, जो उनके उत्तराधिकारी बने थे। चंद्रचूड़ ने उन्हें बताया था कि उन्हें 14 तुगलक रोड स्थित बंगले में लौटना है, जहां वह प्रधान न्यायाधीश बनने से पहले रहते थे। न्यायमूर्ति खन्ना ने जस्टिस चंद्रचूड़ को प्रधान न्यायाधीश के बंगले में ही रहने को कहा था, क्योंकि न्यायमूर्ति खन्ना आधिकारिक आवास में नहीं रहना चाहते थे।

### कौन बनेगा देश का अगला उपराष्ट्रपति? शशि थरूर ने दिया जवाब, बोले- विपक्ष की हार निश्चित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अगले उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर 2025 को होगा। यह घोषणा निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को की गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन मंडल का गठन पूरा हो चुका है। इस बीच कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की हार को पहले ही तय मानते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के द्वारा जिसे उम्मीदवार बनाया जाएगा वही उपराष्ट्रपति बनेगा। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में थरूर ने कहा, कोई अंदाजा नहीं है कि अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा। लेकिन ये तय है कि जो भी होगा वो सत्तारूढ़ पार्टी का नामित व्यक्ति होगा। चूंकि यह चुनाव केवल लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मिलकर करते हैं, इसलिए हम पहले से ही जानते हैं कि बहुमत किसके पास है। थरूर ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति चुनाव की तुलना में उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्य विधानसभाएं हिस्सा नहीं लेतीं, इसलिए परिणाम लगभग तय है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अगस्त 2022 में पदभार संभाला था। उन्होंने21 जुलाई 2025 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे का कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बताया गया है। उनका कार्यकाल आधिकारिक रूप से अगस्त 2027 तक होना था, लेकिन उन्होंने करीब दो साल पहले ही पद छोड़ दिया। उपराष्ट्रपति का चुनाव संविधान के अनुच्छेद 66 के तहत होता है। लोकसभा और राज्यसभा के सांसद इस चुनाव में वोट करते हैं। मतदान गुप्त बैलेट प्रणाली के जरिए होता है। इसका संचालन निर्वाचन आयोग करता है। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही मतदाता सूची की अंतिम प्रति सार्वजनिक की जाएगी, जिसे आयोग के कार्यालय से खरीदा जा सकेगा। 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए को बहुमत मिला था और राज्यसभा में भी उसका वर्चस्व है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि एनडीए का उम्मीदवार आसानी से उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। हालांकि अभी तक किसी भी दल ने आधिकारिक रूप से अपने उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है, लेकिन भाजपा सूत्रों के अनुसार नामों पर मंथन जारी है।

### केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, लेकिन पहले से ज्यादा पैदल चल कर पहुंचना होगा धाम

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण यह यात्रा कई दिनों से बाधित थी। हालांकि अब बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए अब श्रद्धालुओं को पहले से ज्यादा पैदल चल कर बाबा के धाम पहुंचना होगा। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुण्ड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है। पंवार ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुए स्थल पर वाहनों के आवागमन शुरू होने तक श्रद्धालुओं को तकरीबन 22 किलोमीटर पैदल चलकर केदारनाथ धाम की यात्रा करनी होगी। बारिश होने की स्थिति में यहां पर आवागमन को अस्थायी तौर पर रोका जाएगा। इसके साथ ही प्रशासन की ओर से यात्रियों से अपील की गई है कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही अपना यात्रा करें।

# पहलगाम हमले के बाद देश से निकाली गई पाकिस्तानी महिला, अब मिलेगा आगंतुक वीजा



**जम्मू, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट को सूचित किया कि उसने पाकिस्तानी नागरिक रक्षंदा राशिद को आगंतुक वीजा देने का फैसला किया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को देश से निष्कासित कर दिया गया था। फैसले के अनुसार, रक्षंदा राशिद को जम्मू से निष्कासित कर दिया गया था, जिसके बाद अदालत ने महिला की ओर से भारत लौटने की इजाजत मांगने वाली याचिका खारिज कर दी थी। हालांकि, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि गृह मंत्रालय का यह आदेश किसी प्रकार की मिसाल के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

रक्षंदा राशिद ने 35 साल पहले जम्मू में भारतीय नागरिक शेख जहूर अहमद से विवाह किया था। उन्हें उन पाकिस्तानी नागरिकों की सूची में शामिल कर देश से निकाला गया, जिन्हें सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद वापस भेजने का फैसला किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गृह मंत्रालय की ओर से अदालत को बताया कि इस मामले की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए मंत्रालय ने विचार-विमर्श के बाद उन्हें आगंतुक वीजा देने का निर्णय लिया है।

**कोर्ट ने अपने फैसले में क्या कहा :** मुख्य न्यायाधीश अरुण पाली और न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल की खंडपीठ ने इस वक्तव्य को आदेश में दर्ज किया। न्यायालय ने यह भी कहा कि रक्षंदा राशिद भारतीय नागरिकता और दीर्घकालिक वीजा के लिए दायर अपनी दोनों याचिकाओं को आगे बढ़ा सकती हैं। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल की दलीलों को दर्ज करते हुए कहा, एक बार सक्षम प्राधिकरण की ओर से सैद्धांतिक निर्णय ले लिया गया है। औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद उन्हें शीघ्र ही आगंतुक वीजा जारी कर दिया जाएगा। न्यायालय ने निर्वासन से राहत मांगने वाली राशिद की याचिका को खारिज कर दिया था। इसने कहा कि विवादित अंतरिम आदेश अपनी प्रासंगिकता खो देता है और इसके साथ ही अंतरिम आदेश भी स्वतः अमान्य हो गया। तुषार मेहता ने 22 जुलाई को अदालत से अनुरोध किया था कि वे सुनवाई को स्थगित करें ताकि यह देखा जा सके कि रक्षंदा राशिद की कोई मदद की जा सकती है या नहीं। रक्षंदा के वकील अंकुर शर्मा और हिमानी खजुरिया ने अदालत को बताया कि उनकी मुवक्किल इस प्रक्रिया से सहमत हैं।

**केंद्र सरकार को दिया निर्देश :** न्यायमूर्ति राहुल भारती की एकल पीठ ने 6 जून को केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि राशिद को भारत वापस लाया जाए। आदेश पारित करते हुए जस्टिस भारती ने कहा, यह अदालत इस पृष्ठभूमि संदर्भ को ध्यान में रख रही है कि याचिकाकर्ता के पास प्रासंगिक समय पर दीर्घकालिक वीजा था, जो उसके निर्वासन को उचित नहीं ठहरा सकती थी लेकिन उसके मामले की बेहतर परिप्रेक्ष्य में जांच किए बिना और संबंधित अधिकारियों से उसके निर्वासन के संबंध में उचित आदेश लिए बिना, उसे निर्वासन के लिए मजबूर किया गया। उन्हें 28 अप्रैल को आप्रवासन और विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया गया था जिसमें 29 अप्रैल तक देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

रक्षंदा राशिद ने उच्च न्यायालय का रुख कर इस आदेश पर अंतरिम रोक की मांग की थी, लेकिन इसके बाद उन्हें एग्जिट परमिट जारी कर अमृतसर के अटारी-वाघा सीमा तक पहुंचाया गया जहां से उन्होंने पाकिस्तान में प्रवेश किया। जम्मू के तालाब खटिकन इलाके की निवासी राशिद के चार बच्चे अब भी जम्मू-कश्मीर में रह रहे हैं। इस्लामाबाद के नामुद्दीन रोड निवासी मोहम्मद राशिद की पुत्री रक्षंदा 10 फरवरी, 1990 को 14 दिवसीय आगंतुक वीजा पर जम्मू आई थीं। बाद में उन्हें प्रतिवर्ष नवीनीकृत किए जाने वाले दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रहने की अनुमति दी गई थी। अपने प्रवास के दौरान उसने बताया किया कि उसने एक भारतीय नागरिक से विवाह किया है।

### धमकाने वाले आरोप पर जेटली के बेटे का राहुल गांधी को जवाब, कहा- पिता का पहले ही हो गया था निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के इस दावे पर कि दिवंगत पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने उन्हें कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था, डीडीसीए प्रमुख रोहन जेटली ने शनिवार को कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनके पिता का निधन इन कानूनों के लागू होने से पहले ही हो गया था। उन्होंने कहा, मैं उन्हें याद दिला दूं कि मेरे पिता का निधन 2019 में हो गया था। कृषि कानून 2020 में लागू हुए थे। एक्स पर एक पोस्ट में, रोहन जेटली ने लिखा, राहुल गांधी अब दावा कर रहे हैं कि मेरे दिवंगत पिता अरुण जेटली ने उन्हें कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था। मैं उन्हें याद दिला दूं कि मेरे पिता का निधन 2019 में हो गया था। कृषि कानून 2020 में लागू हुए थे। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मेरे पिता के स्वभाव में किसी को भी विरोधी विचार के लिए धमकाना नहीं था। वह एक कट्टर लोकतांत्रिक व्यक्ति थे और हमेशा आम सहमति बनाने में विश्वास रखते थे।

उन्होंने आगे लिखा, अगर ऐसी कोई स्थिति आती, जैसा कि राजनीति में अक्सर होता है, तो वह सभी के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुंचने के लिए स्वतंत्र और खुली चर्चा का आह्वान करते। वह ऐसे ही थे और आज भी उनकी यही विरासत है। मैं राहुल गांधी से कहता हूं वे उन लोगों के बारे में बोलते समय सचेत रहें जो हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने मनोहर पर्रिकर जी के साथ भी कुछ ऐसा ही करने की कोशिश की, उनके अंतिम दिनों का राजनीतिकरण किया, जो भी उतना ही घटिया था। दिवंगत आत्मा को शांति मिले। इससे पहले दिन में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि एनडीए सरकार ने दिवंगत केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली को नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पहले लाए गए।

### आंध्र प्रदेश में किसानों के खाते में आए 7-7 हजार रुपये, राज्य सरकार ने भी 47 लाख लोगों को दिया तोहफा

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 'अन्नदाता सुखीभव' योजना के तहत 47 लाख किसानों को 7-7 हजार रुपये की राशि वितरित की। इस योजना के तहत प्रत्येक किसान को प्रति वर्ष 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। सरकार द्वारा साझा किए गए एक वीडियो लिंक के अनुसार, 3,174 करोड़ रुपये की राज्यव्यापी पहल का शुभारंभ करते हुए, मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से दो किसानों को चेक प्रदान किए और दारसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 29 करोड़ रुपये का चेक भी प्रदान किया। नायडू ने प्रकाशम जिले के दारसी मंडल के पूर्वी वीरयापलेम गांव में धनराशि की पहली किश्त वितरित की।शनिवार को लाखों किसानों को दिए गए 7,000 रुपये में से 5,000 रुपये प्रदेश से, जबकि शेष 2,000 रुपये केंद्र सरकार द्वारा पीएम-किसान योजना के तहत दिए गए। पीएम-किसान के तहत केंद्र के 6,000 रुपये और राज्य के 14,000 रुपये के योगदान को मिलाकर, दक्षिणी राज्य का लक्ष्य 'अन्नदाता सुखीभव' - 'पीएम किसान' योजना के तहत पात्र किसानों को तीन किस्तों में प्रति वर्ष 20,000 रुपये वितरित करना है। राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पहली किस्त के लिए 2,343 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

# मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के 750 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा मातृ वन

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में अब 750 एकड़ भूमि पर मातृ वन विकसित किया जाएगा। यह मातृ वन अरावली के जंगल के साथ लगती गांव घाटा और वजीराबाद की जमीन में विकसित होगा। केंद्रीय आवासन एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पर्यावरण, वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को सेक्टर-54 में मातृ वन का शिलान्यास किया। इसका उद्देश्य बड़ी संख्या में पेड़-पौधे लगाकर मिलेनियम सिटी की हवा को स्वच्छ बनाना है। साल के 200 दिनों तक प्रदूषित हवा में सांस लेने वाले मिलेनियम सिटी के लोगों के लिए वन विभाग की तरफ से मातृ वन विकसित करने की योजना बनाई गई है। वन विभाग द्वारा 750 एकड़ में बनने वाले इस मातृ वन में स्थानीय प्रजाति के पौधों जैसे बड़, पीपल, नीम, गुल्लर आदि के रोपण को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे आने वाले 10 वर्षों में सार्थक परिणाम देखने को मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह के नेतृत्व में किया गया।

**कैक्टस गार्डन और बटरफ्लाई पार्क होंगे विकसित :** मातृ वन के लिए चिन्हित जमीन पर फिलहाल बड़ी संख्या में काबुल कीकर लगी हुई है। अब वहां पर बरगद, पीपल, गुल्लर, बेस पत्र, ईमली, पिलखन, नीम, बांस, फूल, औषधीय पौधे आदि लगाए जाएंगे। साथ ही मातृ वन में नक्षत्र वाटिका, राशि वाटिका, कैक्टस गार्डन और बटरफ्लाई पार्क भी विकसित होंगे।



**दिल्ली की हवा भी होगी स्वच्छ :** कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुनियाभर में गुरुग्राम का नाम प्रगति के लिए लिया जाता है लेकिन अब प्रगति के साथ प्रकृति से भी जुड़ाव होना चाहिए। हम न केवल पेड़ लगाएंगे बल्कि उनकी पांच-छह वर्षों तक देखभाल भी करेंगे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति प्रतिदिन एक किलोग्राम कार्बन छोड़ता है, जबकि एक पेड़ प्रतिदिन 60 से 90 ग्राम कार्बन ग्रहण करता है। ऐसे में जीवन के लिए प्रति व्यक्ति को 15 से 16 पेड़ों की आवश्यकता होती है। यह वन ने केवल गुरुग्राम बल्कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक के वातावरण को स्वच्छ करेगा।

**कोयंबटूर की तर्ज पर तितली पार्क विकसित करने का सुझाव :** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि हरियाणा वन विभाग से कोयंबटूर की तर्ज पर तितली पार्क विकसित करने का सुझाव दिया है। इसमें औषधीय पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही।

**हरित ऊर्जा को मिल रहा प्रोत्साहन :** मनोहर लाल खट्टर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए ऊर्जा क्षेत्र में भी नवाचारों का बढ़ावा दिया जा रहा है। कोयले के स्थान पर हाइड्रो, सोलर, न्यूक्लियर एनर्जी आदि विकल्पों को बढ़ावा दिया जा रहा। तीन महीने पहले की एक रिपोर्ट में भारत में कोयले से तैयार होनी वाली बिजली 50 फीसदी से कम हो गई है।

# जमानत मिलने के बाद केरल की दो नन छत्तीसगढ़ की दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद शनिवार को केरल की दो ननों को दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। जेल के बाहर से प्राप्त तस्वीरों में देखा जा सकता है किवाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों, भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर समेत केरल के कई नेताओं ने कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए)-अदालत) सिराजुद्दीन कुरैशी की विशेष अदालत ने मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार दोनों ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को इस शर्त पर जमानत दे दी कि वे अपने पासपोर्ट जमा कर दें तथा देश छोड़कर न जाएं। बचाव पक्ष के वकील अमृतो दास ने बताया कि अन्य शर्तों में 50 हजार रुपये का मुचलका जमा करना, देश नहीं छोड़ना और अपना पासपोर्ट जमा करना शामिल है। वकील दास ने कहा कि उन्हें जांच में भी सहयोग करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि कुछ और शर्तें भी हैं, लेकिन अंतिम आदेश अभी प्राप्त नहीं हुआ है। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बजरंग दल के स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत पर 25 जुलाई को शासकीय रेल पुलिस ने नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस के साथ सुकमन मंडावी नामक एक व्यक्ति को दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। इस बीच, मामले की कथित पीड़ित तीन युवतियां नारायणपुर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। बजरंग दल के इन कार्यकर्ताओं पर कथित तौर पर युवतियों पर हमला करने और उन्हें दुर्ग राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सामने ननों के खिलाफ झूठे बयान देने के लिए मजबूर करने का आरोप है। धर्म परिवर्तन के आरोप में दो कैथोलिक ननों की गिरफ़्तारी छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में दो कैथोलिक ननों की गिरफ़्तारी, भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उत्पीड़न की ताज़ा घटना है। इसने समुदाय, विशेष रूप से ननों के गृह राज्य केरल में, कड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। ननों को पिछले हफ्ते दुर्ग रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया था, जब वे तीन आदिवासी लड़कियों के साथ आगरा के एक कॉन्वेंट जा रही थीं। उन्हें बजरंग दल के एक सदस्य की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, ननों, लड़कियों और उनके साथ आई एक लड़की के भाई को धमकाया गया और उनके साथ मारपीट की गई। कथित तौर पर रेलवे कर्मियों ने बजरंग दल को स्टेशन पर ननों की मौजूदगी की सूचना दी थी।

# सवाई मानसिंह अस्पताल अस्पताल के डॉक्टर्स ने 6 घंटे में जोड़ा कटा हाथ

**जयपुर, एजेंसी।** डॉक्टर साहब, कुछ कीजिए... मेरे बेटे का हाथ कट गया है... अलवर से जयपुर पहुंचे एक मां की ये चीख, शायद किसी भी डॉक्टर का दिल पिघला सकती थी। लेकिन एसएमएस अस्पताल के डॉक्टर सिर्फ भावुक नहीं हुए, उन्होंने वो कर दिखाया जिसे चमत्कार कहने में भी कोई हिचक नहीं। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में कुछ दिन पहले एक ऐसी सर्जरी हुई, जिसने ना सिर्फ एक मासूम का भविष्य बचा लिया, बल्कि मेडिकल साइंस में भरोसा और गहरा कर दिया। अलवर के रहने वाले छह साल के जसप्रीत सिंह का हाथ घास काटने की मशीन में आकर पूरी तरह कट गया था। हथेली अलग होकर जमीन पर गिर चुकी थी। चीख-पुकार मची, खेत में मौजूद हर इंसान की आंखें फटी की फटी रह गईं। परिजनों ने बिना वक्त गंवाए जसप्रीत को पास के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे तत्काल जयपुर रेफर कर दिया गया। रात के करीब 9 बजे जब बच्चे को स्र्क्स ट्रॉमा सेंटर लाया गया, तब वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम ने हालात की गंभीरता को पहचानते हुए देर नहीं की। 'ऑपरेशन अभी और यहीं!' यही फैसला हुआ। डॉ. प्रदीप गुप्ता की अगुवाई में डॉक्टरों की एक बड़ी टीम जिसमें डॉ. आकांक्षा वशिष्ठ, डॉ. हर्षा रेड्डी, साक्षी कश्यप,



समृद्धि गुप्ता, दिलप्रीत कौर, शुभम रानी, अनामिका, रूपल और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. वंदना मंगल शामिल थीं ने रातभर ऑपरेशन थिएटर में मोर्चा संभाला। ये कोई आम सर्जरी नहीं थी। यह वक्त और संयम की दौड़ थी। एक-एक नस को जोड़ना, मांसपेशियों को दुरुस्त करना, खून का बहाव सामान्य करना ये सब कुछ उस नन्हे हाथ को फिर से जिंदा करने के लिए ज़रूरी था। और आखिरकार, छह घंटे की मेहनत के बाद वो असंभव संभव हो गया। जसप्रीत की कटी हथेली को फिर से जोड़ दिया गया। डॉ. आकांक्षा ने बताया कि ऑपरेशन के बाद 12 दिन तक लगातार निगरानी में रखने के बाद यह देखा गया कि अंग में खून का प्रवाह सामान्य है, रंग भी ठीक है और कोई संक्रमण नहीं फैला। यह एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है।

# राजस्थान: जोधपुर में युवक की चार शादियां करवाई, एक भी दुल्हन नहीं भेजी- पड़ोसियों ने रचाया शादी स्कैम

**जोधपुर , एजेंसी।** जोधपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर किसी की भी हँसी छूट सकती है, लेकिन पीड़ित की हालत ऐसी है कि अब वह शादी का नाम सुनकर ही काँप जाता है। कहानी शुरू होती है विजेंद्र भारती से–लंबे समय से कुंवारा चल रहा युवक, जो अब तक अपने अकेलेपन से निपट नहीं पाया था। लेकिन फिर एक दिन अचानक उसके पड़ोसी 'फ़रिश्ता' बनकर आए और बोले - तेरी शादी हम करवाएंगे, बस थोड़ा भरोसा और थोड़ा पैसा दे।

विजेंद्र को क्या पता था कि ये 'भरोसा' उसका सबसे बड़ा नुकसान बन जाएगा और ये पड़ोसी फ़रिश्ते नहीं, स्कैम के 'प्लानर' हैं। फिर क्या था– पहली शादी हुई, मंडप सजा, बैंड बाजा बजे, बारात चढ़ी और जैसे ही दुल्हन बस से उतरी, वो बस में ही दोबारा चढ़कर रफूचक्कर हो गई। विजेंद्र को लगा कि चलो, एक बार की बात है, गलती हो गई होगी। पड़ोसियों ने भी झट दिलासा दिया - कोई बात नहीं भाई, अगली बार पक्की लड़की लाएंगे। दूसरी शादी की तैयारी हुई, बारात चली, लेकिन इस बार दुल्हन ने ट्रेन में बैठते ही 'फुल स्पीड' पकड़ ली और पटरियों पर लुट गया बेचारा दूल्हा। तीसरी बार फिर मंडप सजा। विजेंद्र को अब तक यकीन हो चुका था कि उसकी किस्मत में कोई तो दुल्हन होगी। लेकिन इस बार तो हद ही हो गई–शादी की रस्में शुरू ही हुई थीं कि दुल्हन मौके से फरार!



पंडित मंत्र अधूरे छोड़कर भाग गया, और बाराती थालियों की जगह माथा पकड़ कर बैठे नजर आए। और जब चौथी बार फिर से शादी का 'सपना' दिखाया गया, तो लगा कि अबकी बार सब सही होगा। लड़की आई, शादी भी हुई, लेकिन जब विदाई का वक्त आया, तो दुल्हन ने दो टूक कह दिया - मैं तो इसके साथ नहीं जाऊंगी। विजेंद्र को उस पल समझ आ गया कि उसके साथ 'शादी' नहीं, ठगी हो रही है। इन चार शादियों में, विजेंद्र ने कुल 3 लाख 85 हजार रुपए खर्च किए। कभी लड़की के कपड़े के नाम पर, कभी मंडप बुकिंग के बहाने, कभी दहेज की औपचारिकताओं के तर्क पर, तो कभी लड़की वालों की मर्जी का हवाला देकर। पैसे गए, लड़की नहीं आई। जब विजेंद्र ने इन पड़ोसियों - पप्पू भारती, अमर भारती, भंवरी देवी और राकेश भारती से अपने पैसे लौटाने की मांग की, तो शुरू में उसे 'दो महीने बाद' का झुनझुना पकड़ा दिया गया। लेकिन जब वह बार-बार पैसे मांगने लगा, तो आरोपियों ने नया पैंतरा खेला - ज्यादा बोला तो तुझे ही फर्जी केस में फंसा देंगे और जेल भिजवा देंगे। अब तक जिसकी आंखों में 'सात फेरों' का सपना था, वो अब 'धारा-420' गिनने में लगा है। अंत में, ठगी का शिकार बना ये बेचारा दूल्हा पुलिस की चौखट पर पहुंचा और लूणी थाने में अपने ही चारों पड़ोसियों के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया।

## एशिया कप, भारत-पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में खेलेंगे, फाइनल समेत सुपर-4 के एक मैच को छोड़कर सभी मैच यहीं होंगे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को मेंस एशिया कप के मुकाबलों के लिए वेन्यू का ऐलान कर दिया। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान पहले ही किया जा चुका था। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

## ओवल टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के शतक के पीछे रोहित शर्मा का हाथ! ना ऐसा कहते, ना शतक बनता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ कैनिंग्टन ओवल टेस्ट में भारतीय टीम के दमदार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 118 रन की पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान इंग्लैंड के किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा और सभी की जमकर क्लास लगाई. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 14 चौके और दो छक्के लगाए. तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ी ने मैच के दौरान रोहित शर्मा के साथ हुई बातचीत को लेकर बड़ा खुलासा किया. रोहित शर्मा की बात की जाए तो वो टीम इंडिया को चीयर करने के लिए कैनिंग्टन ओवल स्टेडियम पहुंचे हुए थे. खेल के तीसरे दिन उन्हें खिलाड़ियों से भी बातचीत करते हुए देखा गया. अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें यशस्वी जायसवाल कह रहे हैं, विकेट मुझे थोड़ा मुश्किल लग रहा था क्योंकि वहां पर गेंद का मूवमेंट हो रहा था. रोहित भाई की बात की जाए तो मैंने उन्हें देखा और हेलो बोला. उन्होंने मुझे यही मैसेज दिया कि खेलते रहना. तो वो बस यही था. रोहित शर्मा की बात की जाए तो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले उन्होंने टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है जिसकी वजह से शुभमन गिल को उनकी जगह कप्तान बनाया गया. सिर्फ रोहित शर्मा ही नहीं विराट कोहली ने भी टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. उन्होंने भी इस सीरीज के शुरू होने से पहले ये फैसला लिया.

## कोपा अमेरिका फेमिना: ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन, नौवीं बार जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब




**क्विटो (इक्वाडोर), एजेंसी।** छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया।

**World Championship of Legends 2025: साउथ अफ्रीका बना चैंपियन**

# एबी डिविलियर्स के तूफान में उड़ा पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका चैंपियंस का सामना पाकिस्तान चैंपियंस के साथ एजबेस्टन, बर्मिंघम में हुआ। इस मैच में एबी डिविलियर्स की तूफानी नाबाद शतकीय पारी के दम पर प्रोटियाज ने पाकिस्तान को 9 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का खिताब अपने नाम किया।

इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था और फिर 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 196 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट पर 197 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस हार के साथ ही मोहम्मद हफीज की कप्तानी में पाकिस्तान का चैंपियन बनने का सपना टूट गया और इस टीम को उप-विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

**पाकिस्तान की पारी, शरजील खान ने खेली 76 रन की पारी**

पाकिस्तान की तरफ से ओपनर बल्लेबाज शरजील खान ने अपनी टीम के लिए सबसे बड़ी पारी खेली और उन्होंने 44 गेंदों पर 4 छक्के और 9 चौकों की मदद से 76 रन की पारी खेली। कामरान अकमल 2 रन पर आउट हुए जबकि कप्तान मोहम्मद हफीज ने 17 रन तो शोएब मलिक ने 20 रन बनाए। उमर अमीन ने 19 गेंदों पर नाबाद 36 रन की पारी खेली जबकि आसिफ अली ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। आमिर यामीन 2 रन की पारी खेलकर नाबाद रहे। साउथ अफ्रीका के लिए पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए जबकि ओलिवियर को एक सफलता मिली।



### साउथ अफ्रीका की पारी, एबी ने 47 गेंदों पर लगाया शतक

साउथ अफ्रीका के लिए ओपनर हाशिम अमला ने 18 रन बनाए। एबी डिविलियर्स ने पहले 24 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और फिर उन्होंने 47 गेंदों पर शतक पूरा किया जो इस टूर्नामेंट में उनका तीसरा शतक भी रहा। एबी ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में 60 गेंदों पर 7 छक्के और 12 चौकों की मदद से नाबाद 120 रन की पारी खेली जबकि डुमिनी ने उनका पूरा साथ दिया और उन्होंने 28 गेंदों पर 2 छक्के और 4 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से एकमात्र विकेट सईद अजमल को मिला।

## पीसीबी का बड़ा फैसला, अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाकिस्तान

**भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन; साउथ अफ्रीका चैंपियन बना**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पिछले सीजन पाकिस्तान को हराकर वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब जीता था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की। पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

**कप्तान गिल और अन्य ने आकाश दीप के अर्धशतक की अहमियत बताई**

# यह शतक से कम नहीं...



**लंदन (यूके), एजेंसी।** आकाश दीप इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले जा रहे अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन देर रात चौथे नंबर पर नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे। बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि वह ज्यादा देर तक टिकेंगे, लेकिन तीसरे दिन के अंत तक, इस तेज गेंदबाज ने 94 गेंदों पर 66 रनों की निर्णायक पारी खेली जिसका अहम योगदान भारत को 396 रनों का स्कोर बनाने में मदद कर सका।

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया, जहां सभी ने आकाश की बल्लेबाजी पर अपने विचार साझा किए। आकाश ने बल्लेबाजी के लिए जाने से पहले अपनी मानसिकता की एक झलक साझा की। उन्होंने कहा, जब मैं कल रात सोने गया, तो मेरी मानसिकता यही थी कि मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद मुझे आउट भी कर दे, तो भी मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद शरीर पर भी लगे, तो भी मैं खेलना चाहता हूं।

आकाश ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ 107 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, बेहतरीन बल्लेबाजी की और इंग्लिश आक्रमण को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, जहां गेंद को खेलने की जरूरत थी, हमने जशू (यशस्वी जायसवाल) के साथ 100 रनों की साझेदारी की। इसलिए यह मेरे लिए बहुत खास है। अर्धशतक तो खास है ही, उससे भी ज्यादा खास है वो दो घंटे जो मैंने सुबह टीम के लिए खेले, वो। दूसरी तरफ से मुकाबला देख रहे जायसवाल ने अपने साथी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की वो कमाल की है। हम बीच में अच्छी बातचीत कर रहे थे। हां, मुझे उम्मीद है कि वो हमारे लिए ऐसा करते रहेंगे।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल आकाश की पारी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। भारतीय कप्तान ने कहा, काफी समय से हम आपस में मजाक करते आ रहे हैं। बल्लेबाज गेंदबाजों को योगदान देने के लिए कहते रहते हैं। आज सुबह जब वह बल्लेबाजी करने गए, तो हमने उनसे एक बात कही, अगर कोई गेंद आपके रडार में है, तो उसका पूरा इस्तेमाल करने की कोशिश करो। मुझे लगता है कि उनके 66 रन किसी शतक से कम नहीं हैं।

## साइना नेहवाल ने तलाक का फैसला लिया वापस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने 14 जुलाई, 2026 को अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का फैसला किया था, लेकिन अब इस कपल ने अपने फैसले को वापस ले लिया है. बैडमिंटन प्लेयरसाइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप अपने रिश्ते को एक और मौका देना चाहते हैं. साइना नेहवाल ने आज शानिवार, 2 अगस्त को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी शेयर की.

**पति पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को दिया एक और मौका**

**साइना नेहवाल ने 19 दिन में बदला फैसला**

साइना नेहवाल ने 19 दिन पहले 13 जुलाई की रात को इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करके अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का ऐलान किया था. साइना नेहवाल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था कि जिंदगी हमें कभी-कभी अलग-अलग रास्तों पर ले जाती है. बैडमिंटन प्लेयर ने आगे लिखा था कि मैंने और पारुपल्ली कश्यप ने काफी सोचने के बाद अलग होने का फैसला किया है. हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और बेहतर जीवन चुनना चाहते हैं. मैं अब तक ही सभी यादों के लिए खुद को भाग्यशाली मानती हूं और इसके बदले में कुछ नहीं चाहती. साइना नेहवाल ने आगे लिखा था कि हमारी बात समझने के लिए शुक्रिया और हमारी प्राइवेसी का भी ध्यान रखिएगा.

साइना नेहवाल ने अपने इस पोस्ट के 19 दिन बाद ही पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को एक और मौका दिया है. साइना ने इस पोस्ट में अपने पति के साथ फोटो शेयर की है.

इस फोटो में वे पहाड़ों में घूमते नजर आ रहे हैं. इस तस्वीर के साथ साइना नेहवाल ने लिखा कि कभी-कभी दूरियां आपको लोगों की अहमियत बता देती हैं. यहां हम दोनों हैं और फिर एक बार कोशिश कर रहे हैं. इस पोस्ट को साइना नेहवाल ने पारुपल्ली कश्यप के साथ कोलैबोरेशन में शेयर किया है.

## जेसन होल्डर की मदद से वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत

**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी।** जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को 9 विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।



**नेशनल बैंक ओपन:**

## विक्टोरिया एमबोको ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, गत चैंपियन पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

**मॉन्ट्रियल, एजेंसी।** कजाखस्तान की नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को यहां नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है।




फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे।

**इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट:**

# रविंद्र जडेजा इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय की लिस्ट में नंबर 3 पर पहुंचे, गावस्कर-स्टीव वॉ का यह रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट मैच की पहली पारी में रविंद्र जडेजा ने 9 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने काफी अच्छी बैटिंग की और 77 गेंदों पर 5 चौकों के साथ 53 रन की अहम पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बनाए जिसमें जडेजा का भी अहम योगदान रहा।

जडेजा ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर कुछ शानदार रिकॉर्ड्स अपने नाम किए और वो अब इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए और सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया साथ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया। रविंद्र जडेजा अब भारत की तरफ से इंग्लैंड की धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। जडेजा ने इंग्लैंड की धरती पर अब तक टेस्ट में 33 पारियों में 1158 रन बनाए हैं जबकि गावस्कर ने 28 पारियों में 1152 रन बनाए थे। इस लिस्ट में 1575 रन के साथ सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं जिन्होंने ये रन 30 पारियों में बनाए थे।

**इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स**

- 1575 रन - सचिन तेंदुलकर (30)
- 1376 रन - राहुल द्रविड़ (23)
- 1158 रन - रविंद्र जडेजा (33)
- 1152 रन - सुनील गावस्कर (28)
- 1146 रन - केएल राहुल (28)
- 1096 रन - विराट कोहली (33)
- 1035 रन - ऋषभ पंत (24)



**स्टीव वॉ से आगे निकले जडेजा**

एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में जडेजा अब 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया। जडेजा ने इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 516 रन बनाते हुए वॉ को पीछे छोड़ा। वॉ ने 1989 में इंग्लैंड के खिलाफ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए 506 रन बनाए थे।

एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन (नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए)

- 722 रन - गैरी सोबर्स बनाम इंग्लैंड,1966
- 606 रन - डेनिस लिंडसे बनाम ऑस्ट्रेलिया,1966
- 562 रन - शिवनारायण चंद्रपॉल बनाम भारत, 2002
- 517 रन - वसीम राजा बनाम वेस्टइंडीज,1977
- 516 रन - रविंद्र जडेजा बनाम इंग्लैंड,2025
- 506 रन - स्टीव वॉ बनाम इंग्लैंड,1989

## संक्षिप्त समाचार

### सांची विधायक डॉ चौधरी ने जिले को प्राप्त नि:शुल्क दो शव वाहन को हरी झण्डी दिखाई

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन स्थित जिला चिकित्सालय परिसर में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा निःशुल्क दो शव वाहन को हरी झण्डी दिखाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मनुष्यता, सेवा भाव और समाज के गरीब वर्ग सहित अन्य जरूरतमंदों के लिए निरूशुल्क शव वाहन सेवा प्रारंभ की गई है। इस व्यवस्था से परिवहन सुविधा प्राप्त होने पर दिवंगत व्यक्ति की देह को ससम्मान गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में सुविधा होगी। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी, जिसमें वाहन चालक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ, सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारी और चिकित्सक उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तहत हितग्राही को दो लाख रुपये मिले

**विदिशा (निप्र)।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत श्री भूरा बंजारा पिता नारायण सिंह बंजारा ग्राम कोलुआ पठार को दो लाख रुपये की राशि मिली है। लटेरी तहसील के कोलवा पत्थर गांव के रहने वाले आवेदक श्री भूरा बंजारा पिता श्री नारायण सिंह बंजारा की पत्नि स्व. श्रीमति बबली बंजारा की मृत्यु हो गई थी। श्रीमति बबली बंजारा के खाते में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना होने के चलते मप्र ग्रामीण बैंक शाखा लटेरी द्वारा बीमा कंपनी को दावा राशि क्लेम करने हेतु कार्यवाही संपादित कराई गई और 30 जुलाई को शासन से प्राप्त बीमा क्लेम राशि दो लाख रुपये का भुगतान आवेदक को किया गया, जिससे भारत सरकार की उक्त जन कल्याणकारी बीमा योजना भारी दुख भरी परिस्थिति से पीडित आवेदक को अनिश्चितता के समय वित्तीय सुरक्षा प्रदान प्राप्त हुई है।

### भोपाल संभागायुक्त श्री सिंह ने कन्या शिक्षा परिसर का किया निरीक्षण

**सीहोर (निप्र)।** भोपाल संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने सीहोर स्थित कन्या शिक्षा परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने स्कूल की कक्षाओं एवं विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन किया तथा छात्राओं से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। उन्होंने स्कूल में संचालित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण सहित पाठ्यक्रम तथा व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कन्या शिक्षा परिसर सूर्या फाउंडेशन द्वारा पीपीपी मोड पर संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरु के., जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा, जनजाति कार्य विभाग के जिला संयोजक श्री अरविंद कुशवाहा, प्रबंधक श्री सत्येंद्र शर्मा, श्री संदीप मौर्य, प्राचार्य श्री लोकेश, प्रशासक श्री अशोक त्रिपाठी सहित सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड पर आयोजित होगा समारोह के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

**सीहोर (निप्र)।** 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस लाइन ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कार्यक्रम एवं व्यवस्था के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। अपर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार एसडीएम श्री तन्मय वर्मा गणतंत्र दिवस समारोह की समस्त व्यवस्थाओं के प्रभारी होंगे। तहसीलदार श्री भारत नायक एवं तहसीलदार श्री अमित सिंह कार्यक्रम स्थल ध्वजारोहण, कानून व्यवस्था के प्रभारी होंगे, इसी प्रकार समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के लिए तहसीलदार श्री अविनाश सोमानिया, उप पंजीयन सहकारी श्री संधीर कैथवास,जिला खनिज अधिकारी श्री धमेन्द्र चौहान, उपसंचालक कृषि श्री अशोक उपाध्याय, उप संचालक जनसंपर्क श्री देवेन्द्र ओगारे, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री विजय सिंह सारठिया, जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती नेहा सिंधाई, सहायक संचालक संश्री दिव्या राय, श्रम पदाधिकारी श्री एसएन सांगुल्ले, जिला योजना अधिकारी श्री संजय लक्केवार, डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुशवाहा, प्रबंधक जिला व्यापार के उद्योग केन्द्र श्री अनुराग वर्मा, प्राचार्य आवासीय खेलकूद को संस्थान श्री आलोक शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी श्री श्याम कुमार धुर्वे, सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री जगदीश सिलेटे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉं सुधीर डेहरिया कार्यक्रम स्थल पर मय एंबुलेंस एवं चिकित्सा दल के साथ उपस्थित रहेगें।

## सभी त्यौहार आनंद, उल्लास, आपसी सद्भाव एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं :कलेक्ट्रेट

### मां नर्मदा में ना किया जाए मूर्ति विसर्जन, नगर पालिका एक अतिरिक्त विसर्जन कुंड के लिए स्थान करे चिन्हित

**विसर्जन कुण्डं के आस-पास पर्याप्त बिजली एवं सुरक्षा का इंतजाम किया जाएआगामी त्योहारों में जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होआगामी त्योहारों पर जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रहें : कलेक्टरजिला स्तयरीय शांति समिति की बैठक संपन्नस**




**नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम जिले में आगामी त्योहारों, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में कानून व्यवस्था चाक चौबंद रहे तत्संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी पर्वो पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए।

शांति समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि आगामी त्योहारों के दौरान पर्यावरण, स्वच्छता, एवं सुरक्षा की दृष्टि से नगर के प्रमुख नर्मदा घाटो पर मूर्ति विसर्जन पूर्णता प्रतिबंधित रहेगा। नगर पालिका द्वारा तैयार किए गए विसर्जन कुंड में ही मूर्ति विसर्जन किया जाए। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए की नगर पालिका परिषद द्वारा एक अन्यत्र विसर्जन कुंड तैयार किए जाने के लिए स्थान चयनित किया जाए। कलेक्टर सोनिया मीना ने बैठक के दौरान कहा कि पूर्व की तरह जिले में आगामी पर्व भी शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाया जाए। आपसी सौहार्द एवं भाईचारा ही नर्मदापुरम जिले की परंपरा है। कलेक्टर ने कहा कि आगामी त्योहारों पर चल समारोह, जुलूस आदि का शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन किया जाए। इसके लिए हम सभी का आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। साथ ही पर्वो पर यातायात, पार्किंग, बिजली आदि की बेहतर व्यवस्थायें करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे। नियमों का उल्लंघन करने वाले बस एवं वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने सभी धर्मगुरुओं एवं आमजनों से कहा है कि आगामी पर्वों पर जुलूस, चल समारोह, रैली आदि का आयोजन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति के साथ ही किया जा सकेगा। उन्होनें कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का शासन के निर्देशानुसार निर्धारित मानक मापदंडों के अनुरूप ही संचालन किया जाए। कलेक्टर द्वारा स्नान दान व्रत पूर्णिमा आदि स्नान पर्वो के दौरान घाटों पर साफ सफाई नगरपालिका को संयुक्त रूप से व्यवस्थाएं बनाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए घाटों पर होमगार्ड बल की ड्यूटी भी लगाई जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त परिप्रेक्ष्य में जिले के समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों एवं तहसीलदारों यथा नर्मदापुरम, इटारसी, सिवनी मालवा, सोहागपुर, पिपरिया पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए जाने के लिए अपने-अपने तहसीलों में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

#### समिति सदस्यों द्वारा दिए गए सुझाव

समिति सदस्यों द्वारा बैठक में आगामी त्योहारों के संबंध में विशेष साफ सफाई, पर्याप्तश बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने, जगह जगह प्याऊ की व्यवस्था करने, चौक चौराहों पर से अतिक्रमण हटाए जाने, ट्रैफिक व्यवस्था आदि के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

#### आगामी त्यौहार जिन पर हुई चर्चा

रक्षा बंधन, हरतालिका तीज व्रत, श्री गणेश चतुर्थी/श्री गणेश स्थापना, दशलक्षण (पर्यूषण), डोल ग्यारस, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश विसर्जन/अनंत चतुर्दशी/विश्वकर्मा, स्नानदान व्रत पूर्णिमा/पितृ तर्पण आदि त्यौहारों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि पीयूष शर्मा, पंडित श्री जी पी खड्डुर,श्री प्रकाश शिवहरे,शहर काजी हाफिज पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री गुरुकरण सिंह,सिटी मजिस्ट्रेट श्री विजेंद्र रावत ,अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी सहित अन्य अधिकारीगण एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह का किया शुभारंभ



**बैतूल (निप्र)।** जिला चिकित्सालय बैतूल के नवीन एमसीएच भवन में गुरूवार को स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गौला सरपंच श्री गजानंद गावंडे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्री गजानंद गावंड़े ने कहा कि विश्व स्तनपान दिवस एक बहुत ही महत्वूपर्ण कार्यक्रम हैं। उन्होंने प्रसूता माताओं को समझाइश दी कि वे शिशु को स्तनपान अवश्य करावें, स्तनपान से बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं बलवान होंगे। साथ ही उन्होंने माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी ताकि मॉ और बच्चे स्वस्थ रह सकें।

सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम ''स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश है'' इसका मुख्य उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना है, विशेष रूप से स्तनपान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को घटाना है। मॉ का दूध शिशु का प्रथम टीका होता है। मां का कर्तव्य है कि जितनी जल्दी हो सके शिशु को एक घण्टे के अंदर स्तनपान कराए, यह अमृत तुल्य है, यह कई बीमारियों से सुरक्षा करता है, बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, रोगों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है, मॉ के दूध में इनती शक्ति होती है कि दुनिया में कोई टानिक ऐसा नहीं बना जो मॉ के दूध से अच्छा हो।

छः माह तक शिशु को स्तनपान ही करवायें इसके अलावा कोई भी ऊपरी आहार न देवें, माताऐं बच्चों को दो वर्ष तक स्तनपान करवा सकती हैं। उन्होंने उपस्थित नर्सिग ऑफीसर को प्रसूता माताओं को स्तनपान कराने की लगातार काउसंलिंग करने हेतु एवं आशा कार्यकर्ताओं को प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात लगातार माताओं को समझाइश देने हेतु कहा। डॉ हुरमाड़े ने उपस्थित प्रसूताओं को दो बच्चों में अंतर रखने एवं दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृण करने हेतु समझाइश दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने हेतु प्रसूता माताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये, साथ ही पीएनसी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं को भी महिला चिकित्सक एवं नर्सिग ऑफीसर द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

## 33 वर्षो की शासकीय सेवा के उपरांत अपर कलेक्टर श्री डी.के. सिंह हुए सेवानिवृत्त

**नर्मदापुरम (निप्र)।** नर्मदापुरम जिले के अपर कलेक्टर श्री डी.के. सिंह गुरुवार, 31 जुलाई 2025 को 33 वर्षो से अधिक की शासकीय सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हुए। उनके साथ ही जिला पंचायत के स्टेनोग्राफर श्री विजय कुमार महतो ने भी अपने 36 वर्ष से अधिक के दीर्घ सेवाकाल के उपरांत शासकीय सेवा से विदाई ली। कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर श्री सिंह एवं स्टेनोग्राफर श्री मेहतो को कलेक्टर सोनिया मीना सहित कलेक्टर कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आत्मीय विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि श्री डी.के. सिंह ने वर्ष 1992 में महा अधीक्षक भू-अभिलेख, मंदसौर के पद से शासकीय सेवा की शुरुआत की थी। उन्होंने वर्ष 1998 में महा बंदोबस्त अधिकारी, 2013 में डिप्टी कलेक्टर, 2018 में संयुक्त कलेक्टर और 2023 में अपर कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। जुलाई 2023 से वे नर्मदापुरम जिले के अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वहीं श्री विजय कुमार महतो ने वर्ष 1988 में जनपद पंचायत नर्मदापुरम के स्टेनोग्राफर पद से शासकीय सेवा की शुरुआत की। अपने सेवाकाल के दौरान वे वर्ष 2000 में जनपद पंचायत पिपरिया, 2002 में जिला पंचायत नर्मदापुरम, 2012 से 2016 तक पुनः जनपद पंचायत नर्मदापुरम, 2016 से 2020 तक जिला पंचायत, 2020 से 2024 तक कलेक्टर नर्मद्पुरम के स्टेनोग्राफर के पद पर कार्यरत रहे एवं 2024 से जिला पंचायत सीईओ के स्टेनोग्राफर के रूप में कार्यरत थे।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री सौजान सिंह रावत, सहित कलेक्टर कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दोनों श्री सिंह एवं श्री महतो को भावभीनी शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान की सराहना की। विदाई समारोह के दौरान श्री डी.के. सिंह एवं श्री विजय महतो के परिजन भी उपस्थित रहे।

## युवा संगम के तहत रोजगार मेला 13 अगस्त को

**बैतूल (निप्र)।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 13 अगस्त को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रातः 11 बजे से आयोजित रोजगार मेले में 9 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से रोजगार मेले में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

**रोजगार मेले में यह कंपनी रहेगी मौजूद :** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड पुणे में उत्पादन एवं गुणवत्ता के 80 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक हेल्पर के 100 पदों, यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों, वर्धमान फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड बुधनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों, आरएफएमआई ग्रुप भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड मैनेजर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं स्नातक होना अनिवार्य है। इसी तरह क्रैस कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड पुणे में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा तथा पीएनजी प्राइवेट लिमिटेड मंडीदीप में मशीन ऑपरेटर के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता आठवीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा होना अनिवार्य है।

### ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत किया गया 458 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर (निप्र)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 01 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 295 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 163 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 56 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।



### कलेक्टर-एसपी ने सीवन नदी घाट एवं कावड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**सीहोर (निप्र)।** सीहोर नगर के सीवन नदी घाट से कुबेरेश्वर धाम तक 06 अगस्त को कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कावड़ यात्रा सीहोर बस स्टैंड स्थित पोस्ट ऑफिस चौराहे से प्रारंभ होगी और गंगा आश्रम रोड़, सीवन नदी घाट, कोलीपुरा चौराहा, इंदौर नाका, चौपाल सागर होते हुए कुबेरेश्वर धाम पहुंचेगी। कलेक्टर श्री बालागुरू के. तथा एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने कावड़ यात्रियों की सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को दृष्टिगत रखते हुए सीवन नदी घाट एवं कावड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कावड़ यात्रा के दौरान सीवन नदी घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने और उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए घाट पर मोटरबोट एवं अन्य संसाधनों के साथ होमगार्ड जवानों एवं अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सीवन नदी घाट एवं कुबेरेश्वर धाम पर फायर ब्रिगेड, फायर फाइटर, साफ-सफाई आदि की व्यवस्थाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए है। कावड़ यात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर शुद्ध पेयजल के टैंकर की उपलब्धता के भी निर्देश दिए हैं। एसपी श्री दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस अधिकारियों को कावड़ यात्रा के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने राजस्व अधिकारियों को 12885 आरसीएमएस पोर्टल के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश




### राजस्व विभाग की गतिविधियों की कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने की समीक्षा

**रायसेन (निप्र)।** कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अनुभागवार राजस्व विभाग की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने अनुभागवार सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों से आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निराकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि आगामी 10 अगस्त के पहले आरसीएमएस पोर्टल के 90 प्रतिशत से अधिक प्रकरणों को निराकृत कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ राजस्व अधिकारियों द्वारा बेहतर काम किया जा रहा है तथा अभी तक 80 प्रतिशत से अधिक प्रकरणों को भी निराकृत कर दिया गया है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने भूमि आवंटन के प्रकरणों तथा धारणाधिकार के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि वह क्षेत्र में मूंग उपार्जन केन्द्र, खाद वितरण केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करें तथा इस दौरान कृषि अधिकारी भी साथ रहे। साथ ही जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे ईकेवायसी कार्य की मॉनीटरिंग के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने ई-मण्डी योजना के तहत किसानों को मंडियों में कृषि उपज बेचने में कम से कम समय लगे, इसका निरीक्षण करने कृषि उपज मंडियों का भ्रमण करने के निर्देश दिए। साथ ही मंडी सचिवों से भी बात कर यह सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा कर जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही अनुभागों से एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित रहे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

**हरदा (निप्र)।** हर वर्ष एक से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह के आयोजन का मूल उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना है, जिससे कि शिशुओं को सही पोषण मिल सके और उनका स्वास्थ्य एवं बौद्धिक क्षमता बेहतर हो सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत जागरूकता रैली तथा गृह भेंट के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में बताया गया। स्तनपान सप्ताह के तहत ग्राम धनपाड़ा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिले के अस्पतालों में एएनसी व ओपीडी में आने वाली गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा वार्ड में भर्ती प्रसूताओं व बच्चों की माताओं को स्तनपान संबंधी समझाईश दी गई।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048